हरिभूमि
# रायपुर भूमि
रायपुर, बुधवार 20 नवंबर 2024

तापमान
अधिकतम 30.4 डिग्री
न्यूनतम 16.2 डिग्री

13 सीएमई पहुंचीं आंबेडकर अस्पताल, पुरानी और बिगड़ी...

14 मतगणना की तैयारी अंतिम चरण पर कर्मियों को...


# राज्य में सेरोगेसी एक्ट लागू, पर एक भी दंपति को नहीं मिला संतान सुख, वजह- दो बैठकों के बाद योजना ही ठप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

संतान प्राप्ति के लिए हर तरह से निराश हो चुके दंपति को इसका सुख देने के लिए बनाई गई सेरोगेसी की योजना डेढ़ साल में दो बैठकों के बाद दम तोड़ चुकी है। शुरुआती दौर में इसके लिए दो आवेदन आए थे, मगर बात इससे आगे नहीं बढ़ी। आवेदन आते ही नोडल अफसर बदल गए और नियमों की पेचीदगियों की वजह से संवेदनशील मामला ठंडे बस्ते में चला गया।

■ आवेदन आते ही बदल गए अफसर, योजना ठंडे बस्ते में चली गई

एआरटी एवं सेरोगेसी एक्ट 2021 को प्रदेश में लागू किया गया था। इसे लेकर राज्य स्तर पर कमेटी बनाई गई थी और निसंतान दंपति को संतान प्राप्ति के लिए सेरोगेसी मदर की योजना को अनुमति दी गई थी। इसके लिए शुरुआती दौर में कमेटी की दो ▶▶|शेष पेज 13 पर

अलग खबर

## अभी जानकारी नहीं

इस योजना को प्रदेश में लागू करने के लिए राज्य के साथ जिला स्तर पर भी कमेटी बनाई गई थी। जिला स्तरीय कमेटी की जिम्मेदारी थी कि वह आने वाले आवेदनों की जांच, चिकित्सकीय परीक्षण तथा आवेदन करने वालों की परिस्थिति का पता लगाए। डेढ़ साल का समय बीतने के बाद जिला स्तर पर सीएमएचओ डॉ. मिथिलेश चौधरी और राज्य स्तर पर पीसीपीएनडीटी एक्ट के नोडल अफसर डॉ. एसके पामभोई इस मामले में कोई जानकारी नहीं दे पाए।

## निसंतान दंपति की गोद भरने लागू किया गया था कोख का कानून



### कौन है इसके लिए पात्र

1. ऐसी स्त्री जो स्वास्थ्यगत कारणों से बच्चा धारण नहीं कर सकती।
2. 45 साल तक की महिलाएं व 55 वर्ष तक के पुरुष पात्र होंगे।
3. ऐसे दंपती जो बच्चा पालने आर्थिक रूप से सक्षम हों।

### सेरोगेट मदर के लिए नियम

1. महिला ने बिना किसी दबाव के सेरोगेट मदर बनने का फैसला लिया हो।
2. आवेदक पति अथवा पत्नी की रिश्तेदारी में हो।
3. महिला सरोगेट बनने के लिए पूरी तरह स्वस्थ हो।

## बनाए गए थे सख्त नियम

सेरोगेसी एक्ट के तहत बनाए गए नियम में विवाह के पांच साल बाद भी संतान सुख प्राप्त नहीं कर पाने वाले दंपति को इसके लिए पात्र माना गया है। सेरोगेट मदर के लिए न्यूनतम आयु 25 से 35 साल तय की गई है और उसे जीवन में एक बार यह मौका देने का नियम है। सेरोगेसी के दौरान महिला के देखभाल से लेकर उपचार की पूरी जिम्मेदारी संतान प्राप्ति के लिए आवेदन करने वाले दंपति की तय की गई है।

## खबर संक्षेप



### देवार मोहल्ले पहुंची पुलिस, दी समझाइश

**रायपुर।** कुछ दिन पूर्व तेलीबांधा थाना क्षेत्र के मरीन ड्राइव तालाब के पीछे स्थित देवार मोहल्ले में छट्ठी कार्यक्रम के दौरान किसी बात को लेकर दो पक्षों के बीच मारपीट की घटना हुई थी। इस घटना को देखते हुए मंगलवार को पुलिस अधिकारियों ने इस मोहल्ले के रहवासियों के साथ बैठक की। इस दौरान एएसपी सिटी लखन पटले, सीएसपी सिविल लाइंस अजय कुमार एवं थाना प्रभारी तेलीबांधा निरीक्षक विनय बघेल मौजूद रहे। बैठक में मोहल्लेवासियों के साथ मारपीट करने वाले दोनों पक्षों के लोगों को भी बुलाया गया था। इस दौरान सभी को समझाइश देते हुए शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए कहा गया। अधिकारियों ने मोहल्लेवासियों से कहा कि किसी भी प्रकार के विवाद की स्थिति या मारपीट नहीं करते हुए तत्काल इसकी सूचना पुलिस को दें। एएसपी ने इस दौरान अधिकारियों को अपराधियों को चिन्हित कर उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा आपराधिक गतिविधियों में संलिप्तों को गिरफ्तार करने के निर्देश भी दिए।

### शेयर ट्रेडिंग के नाम पर 36 लाख की ठगी

**रायपुर।** शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी के मामले में नेवरा थाना पुलिस ने अपराध पंजीबद्ध किया है। घटना 12 सितंबर से 8 नवंबर के मध्य की है। प्रार्थी पवन अग्रवाल ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसे अज्ञात आरोपी ने ऑनलाइन वाट्स एप के माध्यम से शेयर ट्रेडिंग में पैसे लगाने पर मुनाफा दिलाने की बात कर उसे लिंक भेजा। इस लिंक के माध्यम से उसने विभिन्न बैंक खातों में 36 लाख 75 हजार रुपए ट्रांसफर किए। पैसे देने के बाद न ही उसके खाते में मुनाफे की राशि आई और न ही शेयर ट्रेडिंग में लगाई गई राशि वापस मिली। पुलिस ने इस मामले में आरोपी मोबाइल धारक के विरुद्ध धारा 318, 4 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### सड़क पर ट्रक पार्क, 8 चालकों पर केस दर्ज

**रायपुर।** कबीरनगर और आमानाका पुलिस ने 8 ट्रकों के चालकों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। इन सभी ट्रकों को मुख्य एवं बायपास सड़क पर पार्क किया गया था, जिसके कारण आवागमन में बाधा उत्पन्न हो रही थी। पुलिस ने इस मार्ग पर अभियान चलाते हुए 8 ट्रकों के चालकों के विरुद्ध धारा 285 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।

### युवक से गाली-गलौज मारपीट, दो पर केस

**रायपुर।** सिविल लाइंस पुलिस ने एक युवक से गाली-गलौच व मारपीट करने के मामले में दो युवकों के विरुद्ध केस दर्ज किया है। घटना की रिपोर्ट प्रतिभा तायड़े ने दर्ज कराई है। घटना 18 नवंबर की शाम साढ़े 5 बजे की है। झूलेलाल धाम परिसर में दो लड़के बाइक कट मारकर चला रहे थे, जिसे प्रार्थिया के बेटे पीयूष ने मना किया। इस बात पर दोनों लड़कों ने पीयूष के साथ मारपीट की। पुलिस ने इस मामले में दोनों के विरुद्ध अपराध पंजीबद्ध किया है।

गैंगवार में तीन युवक भी चाकू के हमले में हुए घायल

# गैंगवार में डेढ़ घंटे में दो हत्या, आठ धरे गए, अहाता शराबखोरी के खिलाफ सड़क पर उतरे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में सोमवार को दो युवकों की हुई हत्या गैंगवार का मामला निकला। आमासिवनी स्थित विदेशी अहाता में रोहित सागर, सहदेव सोनी और नरेंद्र साहू एवं हरीश साहू गैंग के बीच पुरानी बात को लेकर विवाद हुआ था। इस विवाद के बाद नरेंद्र-हरीश गैंग के लोगों ने मिलकर रोहित की अहाता के पास ही चाकू मारकर हत्या कर दी। इस घटना के बाद मृतक रोहित गैंग के लोगों ने बदला लेने के इरादे से दूसरे गैंग के हरीश साहू को आंबेडकर अस्पताल से किडनैप करके उसे खालबाड़ा में बंधक बनाकर जमकर पीटा, जिससे उसकी मौत हो गई। इस तरह इस गैंगवार के झगड़े ने दो लोगों की जान ले ली।

हरिभूमि फॉलोअप

एडिशनल एसपी कीर्तन राठौर ने इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि इन दोनों गैंग के बीच विदेशी शराब भट्ठी के अहाता में खाने-पीने के दौरान विवाद हुआ था। यह विवाद करीब 4 बजे हुआ था। इस विवाद के दौरान रोहित सागर, सहदेव सोनी एवं उसके साथियों ने नरेंद्र साहू उर्फ सोनू की पिटाई कर दी। इसके बाद सोनू वहां से चला गया। शाम करीब 6 बजे वह सूरज साहू, हरीश साहू सहित अन्य साथियों के साथ वापस वहां पहुंचा। उस समय रोहित और उसके साथी वहीं मौजूद थे। सूरज और उसके साथियों ने अचानक चाकू से रोहित पर ताबड़तोड़ हमला करना शुरू कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। इस हमले के दौरान रोहित को उसके साथी राम सोना, मोहित राम सहित अन्य एक व्यक्ति ने भी बचाने का प्रयास किया, जिससे उन्हें भी चाकू लगा है। ▶▶|शेष पेज 13 पर

## आमासिवनी में सोमवार को हुई थी घटना







### दोनों गैंग आदतन बदमाश, कई मामले दर्ज

गैंगवार में जिनकी मौत हुई है, उनके अलावा इन दोनों गैंग से जुड़े कई लोगों के विरुद्ध मारपीट, जान से मारने की धमकी के पुराने प्रकरण भी थाने में दर्ज हैं। इनमें कुछ आरोपियों के विरुद्ध केस भी चल रहा है।

### दोनों गुट के 8 लोग गिरफ्तार

हत्या, किडनैप मामले में पुलिस ने दोनों गुट के 8 लोगों को गिरफ्तार किया है। इनमें रोहित हत्या मामले में नरेंद्र साहू उर्फ सोनू 22 वर्ष निवासी संतोषी मंदिर भाटापारा पास आमासिवनी सड्डू, सूरज साहू उर्फ सोनू 20 वर्ष निवासी संतोषी मंदिर भाटापारा, केशव छत्री 20 वर्ष निवासी बाजार चौक सकरी विधानसभा एवं ▶▶|शेष पेज 13 पर

### रोहित की मौत का बदला लेने हरीश की हत्या

चाकूबाजी में रोहित की मौत होने के करीब डेढ़ घंटे के बाद उसके गुट के सहदेव सोनी, रोशन तांडी सहित अन्य साथियों को दूसरे गुट के हरीश साहू के आंबेडकर अस्पताल परिसर में होने की जानकारी मिली। इसके बाद इस गुट के लोगों ने हरीश को जबरदस्ती ईरिक्शा में बैठाकर उसे खालबाड़ स्थित एक घर में ले गए, जहां उसे बंधक बनाने के बाद जमकर पीटा और उस पर चाकू से कई वार किए, जिससे वह बुरी तरह से घायल हो गया। इधर पुलिस को इसकी सूचना मिलते ही तत्काल मौके पर पहुंची और हरीश को गंभीर अवस्था में तत्काल अस्पताल लेकर पहुंची, लेकिन इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

### शराब पीने के दौरान विवाद, फावड़ा मारकर की हत्या

प्रोफेसर कॉलोनी के पास विनायक सिटी में विवाद के बाद एक मजदूर ने दूसरे मजदूर की फावड़ा मारकर हत्या कर दी। पुरानी बस्ती पुलिस के मुताबिक शराब पीने के दौरान विवाद हो गया, उसके बाद आक्रोशित मजदूर ने दूसरे मजदूर पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। पुरानी बस्ती सीएसपी के मुताबिक, रायपुर के विनायक सिटी में निर्माणाधीन मकान में काम कर रहे युवक की गला घोंटकर और फावड़ा मारकर हत्या कर दी गई। मजदूर संतोष कुमार और नोहर मानिकपुरी साथ में काम करते हैं। मंगलवार की देर शाम दोनों बैठकर शराब पी रहे थे। इस दौरान नोहर ने संतोष से पूछा कि तू अपने घर पैसे क्यों नहीं भेजता? घर के लोग परेशान हैं। इसके बाद मृतक ने जवाब दिया, तू भी तो ऐसा नहीं करता। इस बात पर दोनों के बीच विवाद शुरू हो गया। विवाद इतना बढ़ गया कि नोहर ने पहले संतोष का गला दबाया, जब संतोष बेसुध हो गया तो नोहर ने वहीं पड़े फावड़े से उस पर कई वार किए, जिससे उसकी मौत हो गई।

## नवंबर में पहली बार सरगुजा संभाग में शीतलहर राजधानी में स्थिति सामान्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लंबे इंतजार के बाद उत्तर से आने वाली हवा ने नवंबर में सरगुजा संभाग के कई इलाकों को कंपकपा दिया है। नवंबर में पिछले दस साल में पहली बार ऐसी स्थिति बनी है कि अंबिकापुर का पारा सामान्य से 4.5 डिग्री कम हुआ है। पिछले चौबीस घंटे में रायपुर का न्यूनतम तापमान 16.2 तथा अंबिकापुर का 8.8 डिग्री रिकार्ड किया गया है।

मौसम विज्ञान केंद्र के विशेषज्ञों के मुताबिक ठंड का सिलसिला अभी दो दिन और बढ़ने के आसार हैं। इसके बाद तापमान स्थिर होगा और फिर पारा बढ़ने की स्थिति में आ जाएगा। उत्तर की सूखी हवा के प्रभाव से सरगुजा संभाग ठंड की चपेट में आ चुका है। मौसम विभाग द्वारा अगले चौबीस घंटे के लिए बलरामपुर, कोरिया, मनेन्द्रगढ़-चिरमिरी, भरतपुर, सूरजपुर तथा सरगुजा में शीतलहर के हालात रहने का यलो अलर्ट जारी किया है। पिछले चौबीस घंटे में वहां के रात के तापमान में काफी गिरावट आई है और अगले चौबीस घंटे में यह सिलसिला बरकरार रहने का अनुमान है। मध्य इलाके में ठंड का असर सामान्य स्थिति में है और इसमें बहुत ज्यादा वृद्धि की संभावना अभी नहीं है। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि सरगुजा में नवंबर में ठंड बढ़ती है, मगर शीतलहर की स्थिति दस साल में पहली बार हुई है। वहां के सीमावर्ती इलाकों में रात की ठंड से लोगों की हालत खराब होने लगी है। वहीं बस्तर में भी तापमान सामान्य से नीचे जा चुका है और वहां भी ठंड की शुरुआत हो चुकी है।

**रायपुर का पारा 16.2, अंबिकापुर का 8.8 डिग्री**

**प्रमुख शहरों का न्यूनतम तापमान और अंतर**

| | | |
|---|---|---|
| रायपुर | 16.2 | +0.4 |
| माना | 14.7 | -1.8 |
| बिलासपुर | 15.6 | -1.0 |
| पेंड्रा | 11.8 | -2.4 |
| अंबिकापुर | 8.8 | -4.5 |
| जगदलपुर | 13.6 | -1.6 |
| दुर्ग | 14.6 | -2.8 |

### दिन का तापमान भी सामान्य

रात की लंबाई अधिक होने और मौसम की शुष्कता की वजह से जमीन ठंडी होने लगी है। सुबह देर से होने की वजह से गर्माहट नहीं बढ़ पा रही है और दिन का तापमान भी सामान्य की स्थिति से अधिक नहीं जा पा रहा है। रायपुर में आज सुबह के वक्त धूप निकली, मगर उसका अधिक असर लोगों पर नहीं हो पाया। अगले चौबीस घंटे में उत्तर से आने वाली ठंडी और शुष्क हवा का आगमन जारी रहने की वजह से न्यूनतम तापमान में लगातार गिरावट बनी रहेगी।

# सोते हुए आदमी पर पेट्रोल डालकर लगा दी आग, तीन गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के पुरानी बस्ती इलाके में चबूतरा पर सो रहे व्यक्ति पर पेट्रोल छिड़क कर उसे जिंदा जलाने का प्रयास करने के मामले का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। इस घटना को तीन लोगों ने अंजाम दिया था, जिन्हें गिरफ्तार किया गया है। बताया गया है कि चबूतरे पर सोने के विवाद पर आरोपियों का घायल व्यक्ति के साथ विवाद हुआ था। इस विवाद पर तीनों उसे सबक सिखाने के लिए उसका पैर जलाना चाहते थे, लेकिन गलती से वह करीब 75 प्रतिशत जल गया।

■ चबूतरे पर सोने के मामूली विवाद पर घटना को दिया अंजाम

पुलिस ने कंट्रोल रूम में इस मामले का खुलासा करते हुए बताया कि हेमलाल देवांगन घुमंतू है। रात में वह बूढ़ेश्वर चौक के चबूतरे पर सोता है। सोमवार रात को भी वह कंबल ओढ़कर सोया हुआ था। इसी दौरान तीन लड़के वहां पहुंचे और ▶▶|शेष पेज 13 पर

### दो दिन पहले हुआ था विवाद

पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि घटना से दो दिन पूर्व चबूतरे पर सोने की बात पर हेमलाल से विवाद किया था। यह विवाद बूढ़ेश्वर चौक के पास छोटू उर्फ गणेश पंसारी के पान ठेले के पास हुआ था। इस विवाद के दौरान हेमलाल को आरोपियों ने धमकी दी थी कि अगर वह चबूतरे पर सोएगा, तो उसे जिंदा जला देंगे। आरोपियों की धमकी की परवाह न करते हुए हेमलाल उसी चबूतरे पर फिर सोने लगा था। इसी वजह से आरोपियों ने उसे सबक सिखाने के लिए पेट्रोल छिड़कर उसे जिंदा जलाने का प्रयास किया।

### घटना में प्रयुक्त वाहन लाइटर एवं हथियार जब्त

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त वाहन, लाइटर के साथ हथियार जब्त किया है। पुरानी बस्ती थाना पुलिस ने इस मामले में आरोपियों के विरुद्ध धारा 109(1), 3(5) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध किया है।



# रेत का अवैध परिवहन पांच हाईवा किए जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर जिले में गरियाबंद और धमतरी जिले से लगातार रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है। सोमवार रात रायपुर खनिज विभाग की टीम ने गश्त करते हुए रेत से भरी 5 हाईवा गाड़ियों को जब्ती बनाया है। इन सभी गाड़ियों के मालिकों पर अर्थदंड भी लगाया गया है।

बरसात सीजन के बाद प्रदेश में ठेके पर दी गई खदानों में रेत उत्खनन का काम शुरू हो गया है। रायपुर जिले के साथ इससे लगे जिले गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद में भी रेत उत्खनन का काम चल रहा है, लेकिन कई खदानों से अभी भी ▶▶|शेष पेज 13 पर

### रात में निरीक्षण जारी, 5 गाड़ियां पकड़ीं

दूसरे जिलों से रेत का अवैध परिवहन की लगातार सूचनाएं आ रही हैं। कलेक्टर के निर्देश पर लगातार टीम को रात में निरीक्षण करने भेजा जा रहा है। इसके तहत गोबरानवापारा क्षेत्र में रेत से भरी 5 गाड़ियों पर कार्रवाई की गई है।

**- केके गोलघाटे,** उप संचालक, खनिज विभाग रायपुर

# एमिटी विवि के हॉस्टल में आधी रात बवाल छात्रों से मारपीट, चाकू-छुरी भी निकाले

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

खरोरा इलाके में स्थित एमिटी विश्वविद्यालय के हॉस्टल में आधी रात बवाल हो गया। चाकू-छुरी लेकर घुसे कतिपय लड़कों ने वहां मौजूद छात्रों के साथ मारपीट की। हंगामा इतना अधिक हो गया कि हॉस्टल में रहने वाले छात्रों में दहशत फैल गई। हॉस्टल में हंगामे का वीडियो भी वायरल हुआ और एनएसयूआई, एबीवीपी ने वहां प्रदर्शन भी किया।

हंगामे की वजह एक लड़की से बात करने का मसला था। बीबीएस प्रथम वर्ष के हर्ष नामक छात्र को ऐसा करने से दूसरे गुट का फैजल खान रोकता था। आरोप है कि तीन रात पहले फैजल ने अपने कुछ साथियों के साथ हॉस्टल में घुसकर वहां मौजूद हर्ष समेत अन्य छात्रों की पिटाई कर दी और कमरे में काफी तोड़फोड़ की। उनके हाथ में चाकू-डंडा जैसे हथियार होने का भी आरोप है। छात्रों का कहना है कि उन्होंने ▶▶|शेष पेज 13 पर

## लड़की से बात करने के विवाद पर दो गुट आमने-सामने





### हास्टल प्रभारी का खास : अभाविप

इस मामले में अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने प्रदर्शन किया। आरोप लगाया गया है कि फैजल खान हॉस्टल प्रभारी एवं डिप्टी डायरेक्टर बिमलेश चौहान का खास है। बिमलेश चौहान पर आरोप है कि वे हंगामा करने वालों के बजाय पिटाई के शिकार विद्यार्थियों को धमकाते रहे। अभाविप के प्रांत मंत्री यज्ञदत्त वर्मा की उपस्थिति में ज्ञापन देकर मांग कि बिमलेश चौहान को बर्खास्त कर फैजल पर कठोर कार्रवाई की जाए।

### एमिटी विवि दे रहा चाकूबाजों को संरक्षण- एनएसयूआई

एनएसयूआई के जिला अध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी ने आरोप लगाया है कि एमिटी विवि चाकूबाजों को संरक्षण दे रहा है। उन्होंने हॉस्टल प्रभारी और दोषी छात्र पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। विवि पहुंचकर रजिस्ट्रार को सौंपे ज्ञापन में उन्होंने चेतावनी दी है कि दोषियों के करीबी बिमलेश चौहान को विवि से बर्खास्त करने और दोषी छात्रों को निलंबित नहीं किए जाने तक एनएसयूआई प्रदर्शन करती रहेगी।

# छत्तीसगढ़ में 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म टैक्स फ्री

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म को छत्तीसगढ़ में टैक्स फ्री करने करने की घोषणा की है। फिल्म में 22 साल पहले गुजरात के गोधरा में हुए ट्रेन हादसे की कहानी की सच्चाई को दिखाने की कोशिश की गई है।

मुख्यमंत्री ने कहा, 'द साबरमती रिपोर्ट' फिल्म इसलिए भी देखी जानी चाहिए, क्योंकि अतीत का अध्ययन ही हमें वर्तमान और भविष्य के बारे में बेहतर मार्गदर्शन दे सकता है। उन्होंने कहा, यह फिल्म इतिहास के उस भयावह सत्य को उजागर करने का अत्यंत सराहनीय और प्रभावशाली प्रयास है, जिसे निहित स्वार्थ के लिए छुपाने का प्रयास किया गया था। यह फिल्म तात्कालिक सिस्टम की उस सच्चाई को उजागर करती है, जो झूठे नरेटिव फैलाकर सत्य को दबाने का निंदित प्रयास करती थी। फिल्म दर्दनाक घटना को संवेदनशीलता के साथ प्रस्तुत करती है।

■ फिल्म तात्कालिक सिस्टम की सच्चाई को उजागर करती है: मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय

## पाठक सूचना

हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें

9827555678, 8224868411

# सूर्य घर योजना में बूम, दो माह में ही सात से बढ़कर आवेदन हो गए 25 हजार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना में प्रदेश में दो माह में बड़ा बूम आ गया है। दो माह पहले महज सात हजार आवेदन थे जो बढ़कर अब 25 हजार तक पहुंच गए हैं। यह इस साल के लक्ष्य जितने हैं। प्रदेश में एक साल में 25 हजार घरों में सोलर पैनल से बिजली उत्पादन करने का लक्ष्य तय किया गया है। अब तक जहां सात सौ घरों में सोलर पैनल लग गए हैं, वहीं तीन हजार घरों में सोलर पैनल लगाने का काम चल रहा है। इस योजना में दो लाख 27 हजार उपभोक्ताओं ने पंजीयन भी कराया है। योजना में 2027 तक प्रदेश में पांच लाख घरों में सोलर पैनल लगाने की योजना है। योजना में किसी भी आय वर्ग के लोग सोलर पैनल लगा सकते हैं। तीन किलोवाट पर करीब दो लाख तक का खर्च आ जाता है।

## सात सौ घरों में लगे सोलर पैनल, तीन हजार घरों में चल रहा लगाने का काम

### अब आवेदनों की बाढ़

प्रदेश में इस योजना में अप्रैल से सितंबर तक महज सात हजार आवेदन ही आए थे। कम आवेदनों के कारण पॉवर कंपनी ने इस मामले में गंभीरता से ध्यान दिया और इस योजना की जानकारी देने के लिए शिविर लगाने के साथ राज्योत्सव में भी जानकारी दी गई। योजना का प्रचार-प्रसार करने का ऐसा असर हुआ है कि अब 24800 आवेदन आ गए हैं।




### कितने किलोवाट पर कितना खर्च

योजना के लिए करीब दो सौ से ज्यादा वेंडर तय किए गए हैं। भारत सरकार द्वारा तो प्रति किलोवाट के लिए 50 हजार रुपए तय है, लेकिन अलग-अलग वेंडरों का रेट अलग-अलग होने पर एक किलोवाट पर करीब 70 हजार दो किलोवाट पर 1.20 लाख और तीन किलो वाट पर 1.75 लाख का खर्च लग जाता है।

### हर आय वर्ग को सब्सिडी

पॉवर कंपनी के अधिकारियों का कहना है योजना में हर आय वर्ग के लोग सोलर पैनल लगाने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसमें कोई आय सीमा तय नहीं है। हर आय वर्ग वालों को सब्सिडी भी मिलेगी। इसमें केंद्र सरकार से एक किलोवाट पर 30 हजार, दो किलोवाट पर 60 हजार और तीन किलोवाट पर 78 हजार की सब्सिडी मिल रही है।

इसमें केंद्र सरकार ने 78 हजार की सब्सिडी मिलती है।

केंद्र सरकार ने घरों की छतों पर बिजली उत्पादन की योजना बनाई है। देश भर में एक करोड़ से ज्यादा घरों की छतों पर बिजली उत्पादन का लक्ष्य सोलर पैनल के माध्यम से रखा गया है। इसके लिए केंद्र सरकार की तरफ से सब्सिडी भी मिल रही है। हर राज्य के लिए अलग-अलग लक्ष्य रखा गया है। जहां पर छत्तीसगढ़ का सवाल है तो यहां के लिए छत्तीसगढ़ राज्य पॉवर कंपनी ने इस वित्तीय वर्ष में 25 हजार घरों को रोशन करने का लक्ष्य रखा है। इन घरों में एक से तीन किलोवाट तक क्षमता के सोलर संयंत्र स्थापित किए जाएंगे, जिससे लोग अपने घर की छतों पर तीन किलोवाट के संयंत्र से हर महीने 300 यूनिट बिजली का उत्पादन कर पाएंगे।

## खबर संक्षेप

### मुख्यमंत्री साय आज जाएंगे दिल्ली

रायपुर। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय बुधवार की सुबह दिल्ली जाएंगे। वे वहां पर एक कार्यक्रम में शामिल होने के साथ ही कुछ केंद्रीय मंत्रियों से मुलाकात करेंगे। तय कार्यक्रम के मुताबिक, श्री साय रायपुर से बुधवार को सुबह 9.15 बजे इंडिगो के विमान से दिल्ली जाएंगे। दिल्ली पहुंचकर वे पहले छत्तीसगढ़ सदन जाएंगे। शाम को 5.30 से 7.30 बजे तक भारत मंडपम में छत्तीसगढ़ राज्य दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे। वे रात्रि विश्राम दिल्ली में छत्तीसगढ़ सदन में करेंगे। इस बीच उनकी कुछ केंद्रीय मंत्रियों के साथ भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं से भी मुलाकात होगी।

### विधानसभा सत्र की तिथि में परिवर्तन करने लिखा पत्र

रायपुर। राज्यपाल रामेन डेका को विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने पत्र लिखकर



विधानसभा के शीतकालीन सत्र की तिथि में बदलाव का आग्रह किया है। विधानसभा सत्र 16 से 20 दिसंबर तक आहूत किया गया है। सत्र के मध्य में 18 दिसंबर को बाबा गुरु घासीदास की जयंती है। यद्यपि इस तिथि को अवकाश है, किंतु गुरु घासीदास की जयंती के व्यापक कार्यक्रमों की दृष्टि से प्रदेश के अधिकतर विधानसभा सदस्यो को अपने-अपने क्षेत्र में आयोजित कार्यक्रमों में उपस्थित होने में असुविधा होगी, जिसके कारण सत्रावधि की तिथि में संशोधन कर 18 दिसंबर के बाद किए जाने के लिए अनुरोध किया है।

4 दिन की अवधि कम- बैज
विधानसभा के शीतकालीन सत्र को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, विधानसभा सत्र की तिथि घोषित हो गई है।

### स्वच्छता दीदियों के वेतन में शीघ्र वृद्धि करने की मांग

रायपुर। स्वच्छता दीदियों की मेहनत और योगदान को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल के पूर्व सदस्य अधिवक्ता मनोज सिंह ठाकुर ने छत्तीसगढ़ सरकार और नगर निगम से शीघ्र ही वेतनवृद्धि की मांग की है। वे इस संबंध में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय को ज्ञापन भी सौंपेंगे। इस मौके पर श्री ठाकुर ने बताया कि छत्तीसगढ़ नगर निगम में कार्यरत स्वच्छता दीदियों का वेतन पिछले 5 वर्षों से केवल 5 हजार रुपए है। यह राशि न केवल अत्यधिक निम्न है, बल्कि इसके माध्यम से उनकी बुनियादी जरूरतें पूरी करना भी मुश्किल हो रहा है। नगर निगम और राज्य सरकार द्वारा स्वच्छता दीदियों से विभिन्न कार्य, जैसे सर्वेक्षण, मतदान और सरकारी योजनाओं के प्रचार-प्रसार में सहायता ली जाती है, लेकिन इसके बदले उन्हें बेहद कम वेतन दिया जा रहा है।

### 30 से अधिक सेवानिवृत्त लिपिकों का किया सम्मान

रायपुर। प्रदेश लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ ने गत दिनों रोटरी क्लब में सेवानिवृत्त सम्मान एवं दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लिपिक वर्गीय कर्मचारी उपस्थित हुए और रायपुर में लगभग 30 से अधिक सेवानिवृत्त लिपिकों का सम्मान शॉल व श्रीफल भेंट कर किया गया। सेवानिवृत्त लिपिकों ने अपने अनुभव साझा किए, इसके साथ ही लिपिकों ने कलेक्टर कार्यालय में कार्यरत लिपिक प्रदीप उपाध्याय की आत्महत्या का मामला उठाया तथा दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई करने की मांग की।

## समितियों में नहीं कट रहा मैनुअल टोकन, मोबाइल एप से अनजान कई किसान

# खाता अपडेट नहीं, टोकन के लिए भटक रहे किसान

## धान खरीदी के एवज में किसानों को 503 करोड़ का भुगतान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

धान खरीदी प्रारंभ हो गई है, लेकिन किसान टोकन के लिए भटकने मजबूर हैं। जब किसान धान बेचने के लिए सहकारी समिति में टोकन कटवाने जा रहे हैं, तो समितियों द्वारा किसानों को खाता अपडेट न होने, कंप्यूटर पर नहीं दिखा रहा है कह कर टोकन नहीं दे रहे हैं। अब किसान समितियों के चक्कर लगाने मजबूर हैं। धान खरीदी के लिए मैनुअल और ऑनलाइन दोनों तरीके से टोकन काटने का प्रावधान है। समितियों के कर्मी मैनुअल टोकन नहीं काट रहे। किसानों से ऑनलाइन टोकन लेने कह रहे हैं। किसानों को मोबाइल एप चलाना नहीं आता, ऐसे में उन्हें अतिरिक्त खर्च करना पड़ रहा है।

टेकारी और छपोरा सोसाइटी के दो दर्जन से अधिक किसानों का कहना है कि जब से समर्थन मूल्य पर धान खरीदी चालू हुई, तब से लगातार धान बेच रहे हैं। पिछले साल इन सभी किसानों ने धान बेचा था। धान का भुगतान भी इसी खाते में आया था। अब किसानों को परेशान होना पड़ रहा है, समिति के कर्मचारी यह नहीं बता पा रहे हैं खाता कैसे सुधरेगा, कैसे टोकन मिलेगा। समितियों द्वारा उन्हें सही जानकारी नहीं दिए जाने से वे भटक रहे हैं। धान खरीदी शुरू होने के बाद किसान चिंतित हैं। किसानों का



कहना है कि धान खरीदी से पहले सहकारी समिति ने ये सब जांच क्यों नहीं की। टोकन जारी करने को लेकर किसानों को हो रही परेशानी को लेकर जिला कांग्रेस ग्रामीण के अध्यक्ष ऊधो राम वर्मा ने कहा, तहसीलदार से मिलकर किसानों का खाता अपडेट कर उनके नाम से टोकन जारी कर किसानों की समस्या का निराकरण करने की मांग की है।

### 19 हजार से अधिक टोकन जारी

एक तरफ कुछ किसानों को टोकन लेने में परेशानी हो रही है। ऑनलाइन सिस्टम से टोकन लेकर धान बेच रहे हैं। मंगलवार के लिए कुल 23791 टोकन जारी किए गए थे। बुधवार के के लिए 19934 टोकन जारी किए गए हैं।

### तीन दिन में 3 लाख टन से अधिक की खरीदी

छत्तीसगढ़ में 14 नवंबर से तीन दिन की धान खरीदी में राज्य में समर्थन मूल्य पर धान उपार्जन का आंकड़ा 3.09 लाख टन से अधिक हो गया है। राज्य के 68,668 किसान अब तक धान बेच चुके हैं। धान खरीदी के एवज में किसानों को बैंक लिंकिंग व्यवस्था के तहत 502.53 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया है।

### धान का अवैध परिवहन रोकने चेक पोस्ट

खाद्य मंत्री दयाल दास बघेल ने बताया कि दूसरे राज्यों से धान की अवैध आवक/परिवहन की रोकथाम के लिए बॉर्डर इलाकों में विशेष निगरानी रखने के लिए चेक पोस्ट स्थापित किए गए हैं। धान खरीदी व्यवस्था पर निगरानी के लिए अलग अलग जिलों के लिए राज्य स्तरीय वरिष्ठ अधिकारियों की टीम बनाई गई है, जो लगातार इसकी मानिटरिंग कर रही है।

# मूणत ने पश्चिम विस के विकास कार्यों की अफसरों से ली जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

रायपुर पश्चिम के विधायक राजेश मूणत ने मंगलवार को अपने निवास पर दोपहर में नगर निगम, स्मार्ट सिटी और पीडब्लूडी अफसरों के साथ बैठक करके उनसे अपने विधानसभा के विकास कार्यों की पूरी जानकारी ली। उन्होंने अफसरों से पूछा, किस वार्ड का कौन सा कार्य समय पर हो रहा है, कौन से काम लेट हो रहे हैं, उसका कारण क्या है और समाधान क्या हो सकता है। जो विकास कार्य समय पर चल रहे हैं, उनके लिए श्री मूणत ने अफसरों की सराहना की। उन्होंने यह भी कहा कि अगर किसी कार्य को शुरू करने या तेज गति से पूरा करने में कोई दिक्कत आ रही है, तो सीधे उनसे मिलकर बता सकते हैं। इस तरह की दिक्कत दूर कर दी जाएगी। उन्होंने अफसरों से कहा कि साय सरकार के पास विकास कार्यों के लिए फंड की कोई कमी नहीं है। सरकार और मेरी मंशा यही है कि लोगों तक जनसुविधाएं समय पर पहुंच जाएं। श्री मूणत कहा, किसी भी काम का टेंडर तब तक जारी नहीं किया जाए, जब तक कि उसके लिए जमीन उपलब्ध नहीं हो जाती। श्री मूणत ने इंजीनियरों को सभी साइट पर नियमित निरीक्षण करने के लिए कहा। विकास कार्यों की हर साइट पर ईई 15 दिन में एक बार तथा असिस्टेंट इंजीनियर 7 दिन में एक बार निरीक्षण करेंगे, तो काम में किसी तरह की अनावश्यक रुकावट नहीं आ सकती।

■ श्री मूणत ने इंजीनियरों को सभी साइट पर नियमित निरीक्षण करने के लिए कहा

# भाड़ा नियंत्रण कोर्ट में सुनवाई नहीं, इसलिए लंबित प्रकरणों की संख्या पांच सौ के करीब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

किरायेदारों एवं मकान मालिकों के बीच विवाद के सैकड़ों प्रकरण भाड़ा नियंत्रण कोर्ट में लंबित पड़े हुए हैं। इन प्रकरणों की संख्या घटने के बजाए लगातार बढ़ रही है, क्योंकि प्रकरणों की सुनवाई ही नहीं हो पा रही है।

पिछले दो महीने में भाड़ा नियंत्रण कोर्ट में लंबित प्रकरणों की संख्या बढ़कर 5 सौ के करीब पहुंच गई है, जबकि पूर्व में यह आंकड़ा 4 सौ के करीब था। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है कि कोर्ट में किस तरह से प्रकरणों का निराकरण किया जा रहा है। भाड़ा नियंत्रण कोर्ट में लंबित प्रकरणों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। सूत्रों के अनुसार इनमें 3 से 5 वर्ष के बीच के बीच के 2 से ढाई सौ प्रकरण है, वहीं 2 साल से 1 साल के बीच के करीब 2 से ज्यादा, 2 से 6 माह के बीच के 30-40 प्रकरण हैं। इस तरह कुल चार सौ से अधिक प्रकरण कोर्ट में लंबित है। विभागीय सूत्रों के अनुसार पुराने प्रकरणों में 25-30 प्रकरणों की सुनवाई लगभग पूरी हो चुकी है, जिनके ऑर्डर पिछले सालभर से अटके हुए हैं।

### सालभर में बदल चुके चार अफसर

भाड़ा नियंत्रण के ज्यादातर प्रकरणों के लंबित होने का एक कारण अफसर का बार-बार तबादला किया जाना भी है। विधानसभा चुनाव 2023 से लेकर अगस्त 2024 तक भाड़ा नियंत्रण कोर्ट के 4 अफसर बदल चुके हैं। इनमें सबसे पहले विधानसभा चुनाव के दौरान संयुक्त कलेक्टर जगन्नाथ वर्मा थे। उनका तबादला होने के बाद उनकी जगह करीब दो महीने बाद संयुक्त कलेक्टर बृजेश सिंह क्षत्रीय को इसका प्रभार दिया गया था, लेकिन नोटिफिकेशन जारी होने के कारण वे भी प्रकरणों का निराकरण नहीं कर पाए। बाद में उन्हें भी इस पद से मुक्त करते हुए बिरगांव नगर निगम आयुक्त की जिम्मेदारी सौंपी गई। इसके बाद संयुक्त कलेक्टर पुष्पेंद्र शर्मा को इसका प्रभार सौंपा था, लेकिन कुछ महीने के भीतर उनका भी तबादला हो गया।

## मुख्यमंत्री साय बोले

# पीएम ने भी कहा पीएससी के दोषी बख्शे नहीं जाएंगे, वादा पूरा किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने कहा, हमने प्रदेश के युवाओं से वादा किया था कि पीएससी में गड़बड़ी की सीबीआई जांच होगी और जो भी दोषी होंगे, उनको छोड़ा नहीं जाएगा। मोदी की गारंटी पर विश्वास करके जनता ने भाजपा को सरकार में बैठाया है। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भी कहा था, पीएससी के दोषी बख्शे नहीं जाएंगे। किसी भी दोषी को छोड़ा नहीं जाएगा। बस्तर दौरे से लौटने के बाद पत्रकारों से चर्चा करते हुए मुख्यमंत्री साय ने कहा, सीबीआई ने पूर्व चेयरमैन और एक कारोबारी को गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने कहा, कारोबारी ने सीएआर फंड से पैसे दिए थे, यह प्रमाणित है। उन्होंने कहा, किसी को



ऐसा लगता है, फंसाया जा रहा, तो कोर्ट जा सकता है। श्री साय ने कहा, चित्रकोट में बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक हुई। सरकार बनने के बाद पहली बैठक थी। बस्तर के विकास को लेकर सार्थक चर्चा हुई है। रात में जवानों के कैंप जाना हुआ। हमारे जवान मजबूती से लड़ाई लड़ रहे हैं। मेरी बड़ी इच्छा थी जवानों से मिलने की। वह सौभाग्य बस्तर दौरे में मिला। जवानों के आग्रह पर रात में उनके कैंप में रुका।

### गर्मी में धान बोने पर रोक नहीं

श्री साय ने कहा, गर्मी में धान की फसल लगाने पर कोई रोक नहीं लगाई गई है। कांग्रेस के लोग लगातार दुष्प्रचार कर रहे हैं। कांग्रेस यह भी प्रचार कर रही कि किसान गर्मी में धान लगाएंगे, तो उन पर कार्रवाई होगी, जबकि शासन की ओर से ऐसा कोई निर्देश नहीं है। हम किसानों के हितैषी हैं। पेड़ काटने की बात कर रहे हैं, ऐसा कुछ नहीं है। हमारी सरकार लगातार पेड़ लगा रही है। एक पेड़ मां के नाम पर अब तक 4 करोड़ पौधे लगाए जा चुके हैं।

# डिप्टी सीएम शर्मा बोले- छग जल्द बनेगा ओडीएफ प्लस में मॉडल स्टेट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा, छत्तीसगढ़ राज्य जल्द ही ओडीएफ प्लस में मॉडल स्टेट बनने जा रहा है। राज्य में 36 लाख परिवारों के यहां शौचालय की सुविधा उपलब्ध कराई जा चुकी है। वहीं 13137 सामुदायिक शौचालयों का निर्माण किया जा चुका है। आज अपने निवास कार्यालय से विश्व शौचालय दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में विभिन्न जिलों के सरपंच एवं जनप्रतिनिधियों से वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

गौरतलब है कि विश्व शौचालय दिवस के मौके पर पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पूरे राज्य में हमारा शौचालय, हमारा सम्मान की थीम पर 19 नवंबर से 10 दिसम्बर तक स्वच्छता के महत्व और शौचालय के उपयोग पर जन जागरूकता सहित विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ने इस मौके पर 5 हितग्राहियों को व्यक्तिगत शौचालय का स्वीकृति पत्र एवं 5 स्वच्छाग्राही दीदियों को स्वच्छता किट का वितरण किया।



### स्वच्छ भारत की कल्पना को साकार करने का प्रण

उपमुख्यमंत्री ने कहा, देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महात्मा गांधी के स्वच्छ भारत के कल्पना को साकार करने का प्रण लेते हुए 2 अक्टूबर, 2014 को स्वच्छ भारत मिशन का शंखनाद किया। प्रधानमंत्री का यह प्रण आज संपूर्ण राष्ट्र का प्रण बन चुका है। स्वच्छ भारत के निर्माण को एक जनक्रांति का स्वरूप देने की कड़ी में 19 नवम्बर विश्व शौचालय दिवस से 10 दिसम्बर मानव अधिकार दिवस तक पूरे राष्ट्र में अभियान मनाया जा रहा है।

### ग्रामीण क्षेत्रों में सुविधा देने सरकार प्रतिबद्ध

श्री शर्मा ने कहा, स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में कोई भी परिवार बिना शौचालय के न हो इसके लिए हमारी सरकार प्रतिबद्ध है। व्यक्तिगत शौचालयों का उपयोग केवल एक व्यक्तिगत सुविधा नहीं है, बल्कि यह पूरे समाज को स्वस्थ, स्वच्छ और सशक्त बनाने की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है। यह पहल न केवल वर्तमान पीढ़ी बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी एक स्वस्थ और स्वच्छ वातावरण प्रदान करने में सहायक होगी।

# मत्स्य क्षेत्र में छत्तीसगढ़ को राष्ट्रीय अवार्ड

## सीएम साय ने जताई प्रसन्नता, कल मिलेगा अवार्ड

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य ने मत्स्य पालन के क्षेत्र में राष्ट्रीय स्तर पर एक बार फिर से गौरवपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। छत्तीसगढ़ के कांकेर जिले को मत्स्य पालन के क्षेत्र में देश में बेस्ट इनलैंड डिस्ट्रिक्ट अवार्ड के लिए चुना गया है। कांकेर जिले को यह राष्ट्रीय अवार्ड 21 नवंबर विश्व मात्स्यिकीय दिवस के अवसर पर मिलेगा। केंद्रीय मत्स्यपालन, पशुपालन, डेयरी एवं पंचायतीराज मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह नई दिल्ली के चाणक्यपुरी स्थित सुषमा स्वराज भवन में आयोजित कार्यक्रम में यह सम्मान प्रदान करेंगे। कार्यक्रम में केंद्रीय मत्स्य पालन, पशुपालन, डेयरी एवं पंचायतीराज राज्य मंत्री प्रोफेसर एसपी सिंह बघेल एवं जॉर्ज कुरियन भी उपस्थित होंगे।

मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कांकेर को देश का बेस्ट इनलैंड डिस्ट्रिक्ट अवार्ड के लिए चयन होने पर प्रसन्नता जताई है। उन्होंने इस गौरवपूर्ण उपलब्धि के लिए कांकेर सहित राज्य के सभी मत्स्य कृषकों एवं मछलीपालन



विभाग के अधिकारियों को बधाई और शुभकामनाएं दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा है कि छत्तीसगढ़ लैंड लॉक प्रदेश होने के बावजूद भी मत्स्य पालन के क्षेत्र में देश में अग्रणी स्थान पर है। मछली बीज उत्पादन में छत्तीसगढ़ देश में छठवें स्थान पर हैं। यह उपलब्धि हमारे राज्य के मत्स्य कृषकों की मेहनत का परिणाम है। छत्तीसगढ़ मछली बीज उत्पादन के मामले में न सिर्फ पूरी तरह से आत्मनिर्भर है, बल्कि पड़ोसी राज्यों को भी मछली बीज निर्यात कर रहा है।

## तीन साल में करनी होगी प्रॉस्पेक्टिंग

# कटघोरा में लिथियम की खदान के लिए एलओआई जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में कटघोरा स्थित पहली लिथियम खदान के लिए राज्य सरकार के खनिज विभाग ने एलओआई (लैटर ऑफ इंटेंट यानी आश्य पत्र) जारी कर दिया है।

अब कटघोरा लिथियम ब्लॉक के लिए समग्र लाइसेंस (सीएल) हासिल करने वाली कंपनी मैकी साउथ माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड को तीन साल के और प्रॉस्पेक्टिंग के जरिए खनिज की खोज करना है, लेकिन इससे पहले वन विभाग से उसे पूर्वेक्षण की अनुमति प्राप्त करनी होगी। अभी ये साफ नहीं है कि वन विभाग से यह अनुमति मिली है या नहीं।



### वन की अनुमति के बाद खोजबीन

खनिज विभाग के सूत्रों के अनुसार अब मैकी साउथ माइनिंग प्राइवेट लिमिटेड कंपनी को कटघोरा स्थित खदान क्षेत्र में लिथियम की खोजबीन के लिए सर्वे का काम शुरु करना है। इस काम के लिए कंपनी को तीन साल का समय दिया गया है। बताया गया है कि खदान में मौजूदा लिथियम की अनुमानित मात्रा की जानकारी सामने आने के बाद कंपनी एक बार फिर राज्य सरकार को आवेदन देकर माईनिंग लीज हासिल करेगी। यह लीज मिलने के बाद वहां खनन का काम शुरु होगा। लेकिन इससे पहले प्रॉस्पेक्टिंग की प्रक्रिया के दौरान खदान क्षेत्र में जगह जगह ड्रिलिंग करते ये लिथियम की मौजूदगी की जानकारी जुटाई जानी है।

### केंद्र कर चुका है खदान खोलने की घोषणा

इससे पहले केंद्र सरकार ने छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले के कटघोरा क्षेत्र में भारत की पहली लिथियम खदान खोलने की घोषणा कर चुकी है। अब से करीब तीन महीना पहले ई दिल्ली में राष्ट्रीय खनिज अन्वेषण ट्रस्ट (एनएमईटी) की छठी शासी निकाय की बैठक में लिया गया। भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) द्वारा किए गए सर्वेक्षण के आधार पर कोरबा जिले के कटघोरा ब्लॉक को लिथियम और दुर्लभ पृथ्वी तत्व (आरईई) खनिजों के लिए एक महत्वपूर्ण स्थल के रूप में पहचाना गया है। जीएसआई ने लगभग 250 हेक्टेयर क्षेत्र में 10 से 2,000 भाग प्रति मिलियन (पीपीएम) लिथियम सांद्रता की रिपोर्ट की है, तथा इसकी मात्रा इससे भी अधिक होने की संभावना है।

## खबर संक्षेप



### शिवसेना ने मनाई बाला साहेब ठाकरे की पुण्यतिथि

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शिवसेना ने मंगलवार को शिवसेना संस्थापक, हिंदू हृदय सम्राट बालासाहेब ठाकरे की पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर छत्तीसगढ़ शिवसेना यूबीटी कार्यालय में बालासाहेब ठाकरे के चित्र पर माल्यार्पण किया और बालासाहेब अमर रहें के नारे लगाए। इस मौके पर शिवसेना के पदाधिकारियों ने बालासाहेब के विचारों को आगे बढ़ाते हुए आम जनता के हित में काम करने का वचन लिया। यह जानकारी प्रवक्ता संजय नाग ने देते हुए बताया कि इस कार्यक्रम में संजय नाग, एचएन सिंह पालीवार, बल्लू जांगड़े, विजय नाग, प्रमोद साहू, हरीश यादव, ओम जंघेल, गौतम साहू, दुर्गेश शर्मा, हरीश साहू, तरुण साहू समेत बड़ी संख्या शिवसैनिक उपस्थित थे।

### जाति प्रमाणपत्र के पेंडिंग 6 हजार आवेदन का निराकरण करे सरकार

**रायपुर।** रायपुर नगर निगम में जाति प्रमाणपत्र के पेंडिंग 6000 आवेदनों का निराकरण कर शीघ्र आवेदकों को जाति प्रमाणपत्र प्रदान करने की मांग करते हुए सामाजिक संस्था आंबेडकर अधिकार मंच के अध्यक्ष, अधिवक्ता भगवानू नायक ने कहा, जाति प्रमाणपत्र बनाने में आ रही परेशानियों के संबंध में पूर्ववर्ती डॉ. रमन सरकार और भूपेश बघेल की सरकार ने सरलीकरण के संबंध में अनेक आदेश पारित किए थे, लेकिन शासन में बैठे अधिकारी सरलीकरण के बाद भी जाति प्रमाणपत्र बनाने में कोई दिलचस्पी नहीं ले रहे हैं। जानकारी के अनुसार, रायपुर नगर निगम में विभिन्न जोन से लगभग 6000 आवेदन प्राप्त हुए, लेकिन सरकार ने इनमें से 1% भी जाति प्रमाणपत्र नहीं बनाए हैं, जो इन वर्गों के साथ अन्याय और इनके संवैधानिक अधिकारों का हनन है। उन्होंने कहा, जब अनुसूचित जाति-जनजाति बाहुल्यता को आधार मानकर शासन द्वारा सीटों का निर्धारण किया जाता है, राजनीतिक आरक्षण घोषित किया जाता है, इन वर्गों के पास मतदाता परिचय पत्र, आधारकार्ड, राशनकार्ड, स्वास्थ्य कार्ड, बिजली बिल, निवास प्रमाणपत्र, मकान का पट्टा, स्कूल प्रमाणपत्र इत्यादि होने के बाद भी इन वर्गों को जाति प्रमाणपत्र देने में क्या समस्या है, समझ से परे है?

# सीएमई पहुंचीं आंबेडकर अस्पताल, पुरानी और बिगड़ी मशीनों का जाना हाल, मांगा जरूरतों पर प्रस्ताव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पुरानी मशीनों के माध्यम से मरीजों को उपचार की सुविधा दे रहे आंबेडकर अस्पताल की चिकित्सा शिक्षा आयुक्त (सीएमई) किरण कौशल ने सुध ली है। उन्होंने आवश्यकताओं के मुताबिक उपलब्धता के लिए प्रस्ताव देने के निर्देश दिए। आयुष्मान काउंटर पर मरीजों की भीड़ देखकर नाराजगी जताई और संख्या बढ़ाने के निर्देश दिए। सीटी स्कैन, एमआरआई, सोनोग्राफी के लिए मरीजों की प्रतीक्षा अवधि को कम करने पर जोर दिया।

सीएमई किरण कौशल ने मंगलवार को आंबेडकर अस्पताल के विभिन्न विभागों का निरीक्षण किया। उन्होंने चिकित्सा अधीक्षक डॉ. संतोष सोनकर को मरीजों को प्रदान की जाने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए आवश्यक मशीनों एवं अन्य संसाधनों की आवश्यकता के लिए प्रस्ताव बनाकर भेजने के निर्देश दिए। रेडियोलॉजी विभाग में बिगड़ी पड़ी डिजिटल रेडियोग्राफी एक्स रे सिस्टम सहित अन्य मशीनों को सुधारने विभागाध्यक्ष को हिदायत दी। पुरानी हो चुकी सीटी स्कैन एमआरआई और सोनोग्राफी जांच मशीनों से जांच के दौरान लंबी हो रही वेटिंग को कम करने आवश्यक व्यवस्था बनाने के निर्देश दिए। उन्होंने डीएसए मशीन, अस्थि रोग विभाग की ओपीडी, कैंसर विभाग, आयुष्मान एंडोसर्जरी यूनिट एवं न्यू ट्रामा ओटी का निरीक्षण किया। इस दौरान वहां विभिन्न विभागाध्यक्ष के साथ अन्य चिकित्सक और कर्मचारी मौजूद थे।

## आयुष्मान काउंटर पर मरीजों की भीड़ पर नाराज, संख्या बढ़ाने के निर्देश

### एमसीएच और मरचुरी की जानकारी ली

सीएमई ने मातृ-शिशु अस्पताल हेतु प्रस्तावित स्थल का निरीक्षण किया तथा फोरेंसिक मेडिसिन विभाग के मरचुरी में चल रहे निर्माण कार्यों के सम्बन्ध में जानकारी ली। विभागाध्यक्ष फोरेंसिक मेडिसिन डॉ. स्निग्धा जैन ने बताया कि ऑटोप्सी कक्ष का निर्माण कार्य पूरा हो जाने के बाद फोरेंसिक विभाग के पोस्ट ग्रेजुएट छात्रों को यहां पढ़ाने के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध हो जाएगा।



### पैट सीटी पर नहीं हुई बात

कैंसर विभाग के निरीक्षण के दौरान विभागाध्यक्ष एवं डीन डॉ. विवेक चौधरी ने स्थापित लीनियर एक्सीलरेटर मशीन की खासियतों तथा कैंसर विभाग में आने वाले मरीजों को मिलने वाली उपचार सुविधा के बारे में जानकारी दी। इस विभाग में कई सालों से विवादों में रहने वाले पैट सीटी मशीनों की शुरुआत के संबंध में किसी तरह की चर्चा नहीं हुई। विभागीय मंत्री द्वारा इसे प्रारंभ करने के लिए कई बार डेडलाइन तय की जा चुकी है।

# दिल्ली में 22 को सदस्यता अभियान की समीक्षा और संगठन चुनाव पर होगा मंथन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- प्रदेशाध्यक्ष किरण देव के साथ प्रदेश के कई पदाधिकारी जाएंगे दिल्ली

भाजपा के सदस्यता अभियान की डेडलाइन 15 नवंबर को डेड हो चुकी है, लेकिन दिल्ली में होने वाली बैठक के कारण अभी अभियान चल रहा है। 22 नवंबर को दिल्ली में जहां सदस्यता अभियान की समीक्षा होगी, वहीं संगठन चुनाव को लेकर भी मंथन होगा। बैठक में हर राज्य से सदस्यता अभियान का पूरा लेखा-जोखा लिया जाएगा। सदस्यता अभियान के संयोजक अनुराग सिंहदेव यहां से पूरी रिपोर्ट लेकर जाएंगे। इसी के साथ संगठन चुनाव को लेकर बैठक को देखते हुए प्रदेशाध्यक्ष किरण देव, संगठन महामंत्री पवन साय, महामंत्री संजय श्रीवास्तव, चुनाव अधिकारी खूबचंद पारख, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सरोज पांडेय और लता उसेंडी भी जाएंगी। इसी के साथ भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन और क्षेत्रीय संगठन महामंत्री अजय जामवाल भी बैठक में रहेंगे।

देशभर में भाजपा का सदस्यता अभियान दो सितंबर से चल रहा है। पहले सक्रिय सदस्यता अभियान को 15 नवंबर को समाप्त करने का फैसला किया गया था और 20 नवंबर से संगठन के चुनाव की प्रक्रिया प्रारंभ होनी है। अभी सदस्यता अभियान को तो समाप्त नहीं किया गया है, लेकिन 20 नवंबर से संगठन चुनाव की प्रक्रिया जरूर प्रारंभ हो रही है। पहले दो दिनों तक मंडलों में कार्यशाला होगी, जिसमें चुनाव की प्रक्रिया के बारे में बताया जाएगा।




### संगठन चुनाव पर होगा मंथन

सदस्यता अभियान की समीक्षा के साथ ही संगठन चुनाव को लेकर भी मंथन होगा। इसके पहले दिल्ली में हुई बैठक तय किया गया था कि 20 से 30 नवंबर तक पहले बूथ कमेटियों के चुनाव होंगे। इसकी प्रक्रिया छत्तीसगढ़ में प्रारंभ हो रही है। आगे शक्ति केंद्र, मंडल, जिलों और राज्य स्तर के चुनाव कब तक होने हैं, इस पर भी फैसला होगा। संभावना है कि अगले साल जनवरी में नए राष्ट्रीय अध्यक्ष का चुनाव होगा।

### सदस्यता अभियान की देंगे पूरी रिपोर्ट

प्रदेश संगठन को राष्ट्रीय संगठन ने 60 लाख सामान्य सदस्य, एक लाख सक्रिय सदस्य बनाने के साथ ही सांसद, विधायक और प्रदेश के पदाधिकारियों को अलग-अलग लक्ष्य भी दिया गया है। इसी के साथ बूथों में 200 सदस्य बनाने और जिलों का भी लक्ष्य तय है। अब तक कौन लक्ष्य में सफल रहा कौन लक्ष्य पूरा नहीं कर सका है, इसकी पूरी रिपोर्ट सदस्यता अभियान के संयोजक अनुराग सिंहदेव तैयार दिल्ली ले जा रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा, राष्ट्रीय संगठन महामंत्री बीएल संतोष के साथ ही अन्य राष्ट्रीय पदाधिकारियों के सामने यह रिपोर्ट रखी जाएगी। इसमें इस बात का भी साफ उल्लेख रहेगा कि कितने सांसद, विधायक और पदाधिकारियों ने अपना लक्ष्य पूरा नहीं किया है। लक्ष्य पूरा न करने वालों पर क्या कार्रवाई होनी है इसका फैसला राष्ट्रीय संगठन करेगा।

# पीजी नीट की मेरिट लिस्ट में आधा दर्जन महिला चिकित्सक मिलेगा रायपुर कालेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- 21 को सीटों का आवंट्न 22 से एडमिशन

मेडिकल कालेज की पीजी सीटों पर एडमिशन के लिए चिकित्सा शिक्षा संचालनालय द्वारा नीट की सीजी मेरिट लिस्ट जारी कर दी गई है। टॉप टेन में आधा दर्जन महिला चिकित्सक हैं, वहीं चार पुरुष हैं। टॉप टेन में आने वाले इन अभ्यर्थियों को रायपुर के जेएन कालेज की सीट मिलेगी।

जारी शेड्यूल के अनुसार गुरुवार को सीटों का आवंटन किया जाएगा और 22 से एडमिशन की शुरुआत होगी। मंगलवार को नीट में सफल सीजी के 921 लोगों की मेरिट लिस्ट जारी की गई। इसमें प्रथम स्थान पर अनवेशा मोहराना रही, जिसे नीट का ओवरऑल रैंक 99.89 तथा सीजी रैंक प्रथम है। द्वितीय स्थान पर विनय अग्रवाल, तीसरे स्थान पर हिमांशु, चौथे मयंक चंद्रवंशी, पांचवे स्थान पर पल्लवी कोठारी, छठवां तृशांत सिंह, सातवां स्थान सुप्रभा सेनापति, आठवां स्थान आकांक्षा गुलबानी, नौंवा स्थान रिषभ जैन तथा दसवां स्थान समस्थी महोबे का रहा।

शिक्षा संचालनालय की ओर एनआरआई स्पान्सर्ड छात्रों को एडमिशन के पहले वंशावली वृक्ष प्रमाणपत्र तैयार रखने का निर्देश दिया गया है। यह सर्टिफिकेट तहसीलदार अथवा उससे उच्च अधिकारियों द्वारा जारी किया जाता है। मेडिकल कालेजों में राज्य कोटे की 316 सीटें हैं, जिन पर शिक्षा संचालनालय द्वारा एडमिशन की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।

# लोधेश्वरधाम में दिवाली मिलन के लिए चल रही तैयारियां

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

- छत्तीसगढ़ से बाहर प्रांत से स्वजातीय बंधु जुटेंगे, साथ ही मंदिर निर्माण के लिए होगा भूमिपूजन

राजधानी रायपुर स्थित लोधेश्वरधाम में 24 नवंबर को दीपावली मिलन समारोह आयोजित है। समाज के चार विधायक इस दौरान मंच पर मौजूद रहेंगे। 24 नवंबर को होने वाले भव्य समारोह की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं।

छत्तीसगढ़ से बाहर प्रांत से स्वजातीय बंधु जुटेंगे। कलियुग की मीराबाई लोधी शिवांगी दीदी की भक्ति गंगा बहेगी, वहीं कवि लोधी विजय कुमार बघेले अपनी कविताओं से गुदगुदाएंगे। लोधी क्षत्रिय समाज चंगोराभाठा इकाई के सचिव प्रहलाद दमाहे ने बताया कि साल दर साल आयोजन की भव्यता बढ़ती जा रही है। समाज के गौरव एटा (यूपी)के विधायक विपिन वर्मा (राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त), बालाघाट की विधायक अनुभा मुंजारे, लांजी के विधायक राजकुमार कुर्राहे व खैरागढ़ विधायक यशोदा नीलांबर शामिल हो रहे हैं। राष्ट्रीय अध्यक्ष विपिन वर्मा के नेतृत्व में लोधेश्वर धाम (कुम्हारी टोल प्लाजा के पास) लोधेश्वर भगवान मंदिर का भूमिपूजन भी होगा।

# कलेक्टर ने नमी मापक यंत्र से जांची धान की नमी

कलेक्टर ने धान खरीदी केंद्रों में इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन व बायोमैट्रिक सिस्टम का किया अवलोकन

**रायपुर।** कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह ने मंगलवार को आरंग ब्लॉक के धान खरीदी केंद्रों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने नमी मापक यंत्र से धान की नमी की जांच की। उन्होंने कहा कि 17 प्रतिशत से अधिक नमी धान में नहीं होना चाहिए। खरीदी करने से पहले धान की नमी यंत्र के माध्यम से अच्छी तरह से जांच करें। इस दौरान उन्होंने इलेक्ट्रॉनिक तौल और बायोमैट्रिक सिस्टम का भी निरीक्षण किया।

कलेक्टर ने मंदिरहसौद, नगपुरा और पचेड़ा सोसाइटियों का दौरा कर वहां किसानों को मिल रही सुविधाओं का जायजा लिया और धान खरीदी प्रक्रिया की स्थिति का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर डॉ. सिंह ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि किसानों को किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। इसके लिए सभी व्यवस्थाएं बेहतर तरीके से की जाएं। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ विश्वदीप, डीसीसीबी सीईओ अपेक्षा व्यास, खाद्य नियंत्रक भूपेंद्र मिश्रा, कृषि उपसंचालक केके कश्यप, उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं नकुल चंद्रवंशी समेत अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।



### 72 घंटे के भीतर किसानों को मिल रही राशि

किसानों को धान का समर्थन मूल्य की राशि 72 घंटे के भीतर मिल रही है। आरंग के चटौद निवासी किसान घनश्याम वर्मा ने अपने खेत के 37 क्विंटल धान पचेड़ा सोसाइटी में बेचा। इसके बाद 72 घंटे के भीतर उनके मोबाइल पर राशि पहुंचने का मैसेज आया। इतनी जल्दी धान की राशि पाकर किसान ने खुशी जताई।






## पेज 11 के शेष ...

### राज्य में सेरोगेसी...

बैठक हुई। उस दौरान संतान प्राप्ति के लिए विभिन्न तरह के प्रयास कर चुके कुछ परिवार ने इस मामले में दिलचस्पी दिखाई थी और दो ने तो आवेदन भी दिया था। विभागीय टीम ने चिकित्सकीय परीक्षण के बाद दोनों परिवार और सेरोगेट मदर को फिट पाया और कानूनी प्रक्रिया पूरी करने की सलाह दी थी। प्रक्रिया इससे अधिक आगे बढ़ पाती, इसके पूर्व सेरोगेसी एक्ट के नियम को लागू करने की जिम्मेदारी संभाल रहे अधिकारी सेवानिवृत हो गए। उनके रिटायरमेंट के बाद दो अधिकारियों को इसकी जिम्मेदारी दी गई।

### गैंगवार में डेढ़ घंटे...

अहाता संचालक को नोटिस देने की तैयारीः गैंगवार में दो लोगों की हत्या के मामले में पुलिस अहाता संचालक को भी नोटिस देने की तैयारी में है। ये दोनों हत्या अहाता में हुए विवाद के बाद हुई है। पुलिस के अनुसार विवाद अपरान्ह करीब 3 बजे हुआ था। इस विवाद की जानकारी अहाता संचालक व कर्मियों द्वारा पुलिस को नहीं दी गई, जिसके कारण यह विवाद बड़ी घटना में बदल गया। पुलिस अब इस मामले में अहाता संचालक को नोटिस जारी करने की तैयारी कर रही है। **शराब दुकान-अहाता हटाने ग्रामीणों ने किया चक्काजामः** इस हत्याकांड के बाद आमासिवनी क्षेत्र के वासी शराब दुकान और अहाता को हटाने के लिए सड़क पर उतर आए। सैकड़ों की संख्या में ग्रामीणों ने शाम करीब 5.30 बजे आमासिवनी मुख्य मार्ग पर चक्का जाम करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। ग्रामीणों के प्रदर्शन के दौरान इस मार्ग पर करीब एक घंटे तक आवागमन भी प्रभावित रहा। हालांकि पुलिस अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर प्रदर्शनकारियों को समझाइश देकर शांत कराया। प्रदर्शनकारियों द्वारा शराब दुकान, अहाता के साथ थाना प्रभारी को भी हटाए जाने की मांग की जा रही है।

### दोनों गुट के...

प्रवीण गेंदले 21 वर्ष निवासी संतोषी मंदिर आमासिवनी शामिल हैं। इसी प्रकार हरीश साहू हत्या मामले में सहदेव सोनी 30 वर्ष, सोमनाथ सोनी 30 वर्ष, दीपक सोनी 26 वर्ष एवं रोशन तांडी 24 वर्ष शामिल हैं। ये सभी निवासी खालबाड़ा बीएसयूपी कालोनी सड्डू के रहने वाले हैं।

### एमिटी विवि के हॉस्टल...

प्रबंधन को इसकी सूचना दी, मगर उनकी तरफ से उपद्रवियों को रोकने के लिए काफी विलंब से कार्यवाही की गई। छात्र इतनी दहशत में थे कि मारपीट से बचने के लिए कुछ भी करने को तैयार थे। इस घटना का वीडियो वायरल हुआ, जिसके बाद छात्र संगठनों ने विवि पहुंचकर प्रदर्शन किया। इस मामले में विवि के रजिस्ट्रार डा. सुरेश ध्यानी ने बताया कि मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी गठित की गई है, जिसके बाद कार्रवाई की जाएगी।

### रेत का अवैध...

बिना रायल्टी पर्ची कटाए रेत का परिवहन किया जा रहा है। खासकर रात के समय में रेत का अवैध कारोबार चल रहा है। इसके कारण रायपुर जिले में भी दूसरे जिलों से लगातार रात के समय रेत का अवैध परिवहन किया जा रहा है। कलेक्टर गौरव सिंह ने इसे गंभीरता से लेकर खनिज विभाग को निर्देश दिए हैं कि रात में भी टीम को निरीक्षण के लिए भेजें और अवैध कारोबार में संलिप्त गाड़ियों को पकड़कर उनके मालिकों पर कार्रवाई करें। कलेक्टर के इस निर्देश पर विभाग की टीम रात में भी अब निरीक्षण करने निकल रही है। सोमवार रात खनिज सुपरवाइजर सुनील दत्त शर्मा के नेतृत्व में संयुक्त टीम ने निरीक्षण करते हुए 5 हाईवा को पकड़ा। इन सभी गाड़ियों में रेत भरी हुई थी। टीम ने सभी गाड़ियों को जब्ती बनाते हुए थाना परिसर में खड़ा कराया है। **इन नंबरों की हाईवा जब्त** : जब्ती बनाई गई गाड़ियों में सीजी04पीएन2050, सीजी04एमएन 6829, सीजी07बीएस 1237, सीजी04 पीवाय 2323 और सीजी09जेआर9918 शामिल है। इन सभी गाड़ियों के मालिकों पर करीब 28-28 हजार रुपए का अर्थदंड लगाया गया है। अर्थदंड की राशि का भुगतान करने के बाद ही इन गाड़ियों को छोड़ा जाएगा। जब्त गाड़ियां बेमेतरा और कवर्धा जिले की है।

### सोते हुए आदमी पर...

उसके कंबल में पेट्रोल छिड़कने के बाद आग लगाकर वहां से फरार हो गए। इस घटना में हेमलाल करीब 75 प्रतिशत जल गया है, जिसे गंभीर अवस्था में अस्पताल में दाखिल कराया गया है। इधर घटना के बाद पुलिस ने मामले की जांच करते हुए इस घटना में संलिप्त तीन आरोपी अंशुल सोनी उर्फ आशीष 29 वर्ष निवासी सत्यनारायण मंदिर के पास ब्राम्हणपारा, अंकित अवधिया 25 वर्ष निवासी अवधियापारा एवं भूपेंद्र सोनी 29 वर्ष निवासी लिली चौक पुरानीबस्ती को गिरफ्तार किया है।

## बिजनेस साइट

### निवेशकों के लिए एक आसान सफरः अस्थिर बाजारों में न्यूनतम भिन्नता (मिनिमम वैरिएंस) क्यों मायने रखती है

**रायपुर।** मिनिमम वैरिएंस एक खास निवेश दृष्टिकोण है जो पोर्टफोलियो में उतार-चढ़ाव को कम करने पर केंद्रित है, जिसका उद्देश्य एक सहज निवेश अनुभव बनाना है। भिन्नता औसत के आसपास रिटर्न के प्रसार को मापती है। उदाहरण के लिए, एक यात्री पर विचार करें जो हवाई अड्डे तक अनुमानित एक घंटे की यात्रा करता है। यदि पीक ट्रैफिक यात्रा के समय को 1.5 घंटे तक बढ़ा देता है, जबकि ऑफ-पीक समय इसे 45 मिनट तक घटा देता है, तो औसत से वैरिएंस को दर्शाता है। निवेश के संदर्भ में, उच्च भिन्नता वाले पोर्टफोलियो में अधिक नाटकीय उतार-चढ़ाव का अनुभव होता है, जबकि कम-भिन्नता वाले पोर्टफोलियो स्थिर रिटर्न प्रदान करते हैं। हाल के वर्षों में, वैरिएंस एक केंद्रीय विचार बन गई है क्योंकि पोर्टफोलियो आवंटन इक्विटी, विशेष रूप से मिड-कैप और स्मॉल-कैप स्टॉक की ओर स्थानांतरित हो गए हैं, जो अधिक अस्थिर हैं। इन सेगमेंट्स की बढ़ती अपील ने समग्र बाजार अस्थिरता को बढ़ा दिया है। शेयर बाजार का मूल्यांकन अब ऐतिहासिक औसत से काफी ऊपर है, और कॉर्पोरेट आय में वृद्धि धीमी हो गई है, जिससे बाजार में अचानक उतार-चढ़ाव का स्तर बढ़ गया है। भू-राजनीतिक तनाव भी इन उतार-चढ़ावों में योगदान करते हैं।

हालांकि, भारत की ग्रोथ स्टोरी एक सकारात्मक दृष्टिकोण प्रदान करती है। एक स्थिर सरकारी बैलेंस शीट, बेहतर कॉर्पोरेट फाइनेंस और मजबूत घरेलू बचत भारत के बाजारों को लचीलापन प्रदान करती है। जबकि यह लॉन्गटर्म क्षमता आशाजनक है, अल्पकालिक उतार-चढ़ाव से बचना-मुश्किल हैं, जिससे वैरिएंस मैनेजमेंट और भी महत्वपूर्ण हो जाता है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने हाल ही में भारतीय इक्विटी में अपने जोखिम को कम कर दिया है, खासकर लार्ज कैप में। एक उलटफेर लार्ज-कैप प्रदर्शन में सुधार कर सकता है, जो एक स्थिर निवेश यात्रा के लिए वैरिएंस कंट्रोल के महत्व को रेखांकित करता है।



रतन मोटवानी
डायरेक्टर, मोटवानी फिनसर्व रायपुर

मिनिमम वैरिएंस दृष्टिकोण रिस्क-एडजस्टेड रिटर्न को प्राथमिकता देता है, जिसका उद्देश्य लाभ को अधिकतम करने के बजाय पोर्टफोलियो मूल्य में उतार-चढ़ाव को नियंत्रित करना है। कम उतार-चढ़ाव वाले शेयरों को तरजीह देकर, निवेशक कम अस्थिरता के साथ कैपिटल ग्रोथ हासिल कर सकते हैं। चूंकि उच्च मूल्यांकन और वैश्विक अनिश्चितताओं के कारण बाजार अस्थिर रहते हैं, इसलिए लो-वैरिएंस रणनीति तेज उतार-चढ़ाव से बचाने में मदद करती है, जिससे यह ग्रोथ के साथ-साथ स्थिरता की तलाश करने वाले लॉन्गटर्म निवेशकों के लिए आदर्श बन जाती है।

इस को देखते हुए, निवेशक आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड की नई ऑफर, आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल इक्विटी मिनिमम वैरिएंस फंड में निवेश के लिए विचार कर सकते हैं, जो 18 नवंबर से 2 दिसंबर, 2024 तक उपलब्ध है। यह योजना उन लोगों के लिए काफी बेहतरीन है जो बाजार की अस्थिरता को कम करते हुए लॉन्गटर्म कैपिटल ग्रोथ और इक्विटी जोखिम की तलाश कर रहे हैं, जिसमें मजबूत कॉर्पोरेट प्रशासन और मजबूत नकदी प्रवाह के लिए जानी जाने वाली लार्ज-कैप कंपनियों पर ध्यान केंद्रित किया गया है। यह रणनीति कम अस्थिरता वाले लार्ज-कैप शेयरों पर ध्यान केंद्रित करती है, तथा डायवर्सीफाइड, स्थिर पोर्टफोलियो बनाने के लिए विश्लेषण और वेट मैनेजमेंट का उपयोग करती है।

**न्यायालय आतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर**
**मामले की श्रेणीः राजस्व**

**संदर्भः**- जिला - रायपुर तहसील - रायपुर प.ह.न. - 00081 धनेली - दो ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-. RD202425440726500006

**ईश्तहार**

तहसील रायपुर के प.ह.न. 00081 के अंतर्गत ग्राम धनेली - दो के वर्तमान भूमिस्वामी करणदास पिता/पति- पिता रूपचंद पता - सा. देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 270/1(0.1300), 171/2(0.2700), 58/1(0.3000), 170/3 (0.1980), 231/2(0.0690), 226/1(0.0280), 170/2 (0.4010) में प्रस्तावित भूमिस्वामी / क्रेता एवन दास कुर्रे पिता/पति स्व. करन दास कुर्रे पता-धनेली, माना कैम्प रायपुर छ.ग. कामिनी मानिकपुरी पिता/पति स्व. करन दास कुर्रे पता-धनेली, माना कैम्प रायपुर छ.ग. बसंती कुर्रे पिता/पति स्व. करन दास कुर्रे पता-धनेली, माना कैम्प रायपुर छ.ग. पुनेन्द्र कुमार कुर्रे पिता/पति स्व. करन दास कुर्रे पता-धनेली, माना कैम्प रायपुर छ.ग. के नाम पर पंजीयन / फ़ौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 29/11/2024 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय आतिरिक्त तहसीलदार 01 रायपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं /अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 14/11/2024 को जारी किया जाता है।

मुहर
**अतिरिक्त तहसीलदार** : Vinod Sahu
रायपुर (छ.ग.)





















विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### आरएसएस के वरिष्ठ प्रचारक का निधन सीएम ने जताया शोक

**रायपुर।** भाजपा के राष्ट्रीय संगठक एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ प्रचारक प्रद्युम्न कुमार के निधन पर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने शोक जताया है। सीएम श्री साय ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, प्रद्युम्नजी ने अपना संपूर्ण जीवन मां भारती की सेवा और संगठन के विस्तार के लिए समर्पित कर दिया। उनका जीवन हम सभी के लिए प्रेरणास्त्रोत है। प्रभु श्रीराम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें। ॐ शांति।

### दो कॉलेजों के प्रभारी प्राचार्य निलंबित

**रायपुर।** उच्च शिक्षा विभाग ने दो अलग-अलग जिलों के महाविद्यालयों में पदस्थ प्रभारी प्राचार्यों को वित्तीय अनियमितताओं के आरोप में निलंबित किया है। उच्च शिक्षा संचालनालय के प्रभारी अधिकारी ने यह आदेश जारी किया है। डौंडीलोहारा के शासकीय एकलव्य महाविद्यालय के तत्कालिक प्रभारी प्राचार्य डॉ. राजू लाल कोसरे पर जनभागीदारी मद की राशि से सामग्री क्रय करने में भंडार क्रय नियमों का पालन नहीं करने और लेखा संधारण में लापरवाही बरतने का दोषी पाया गया है। इसके अलावा कवर्धा के आचार्य पंतश्री गंधमुनि नाम साहेब शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में लगभग 50 लाख रुपए के जनभागीदारी मद के गबन और लेखा संधारण में लापरवाही का मामला सामने आया था। इस मामले में प्रभारी प्राचार्य डॉ. बीएस चौहान पर आरोप है कि उन्होंने शासकीय कार्यों में घोर लापरवाही बरती और नियमों की अवहेलना की, जिसके चलते उन्हें निलंबित कर दिया गया है। निलंबन अवधि में उनका मुख्यालय दुर्ग संभाग कार्यालय, उच्च शिक्षा रायपुर में निर्धारित किया गया है।

### सांकरा उद्वहन सिंचाई परियोजना के लिए 14.57 करोड़ स्वीकृत



**रायपुर।** राज्य शासन ने सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले के विकासखंड बरमकेला के अंतर्गत सांकरा मेगा उद्वहन सिंचाई परियोजना के निर्माण कार्यों हेतु 14 करोड़ 57 लाख रूपए स्वीकृत किए हैं। इस योजना के निर्माण कार्य हो जाने पर करीब 747 हेक्टेयर क्षेत्र में खरीफ एवं रबी की फसलों के लिए सिंचाई सुविधा मिलेगी। जल संसाधन विभाग मंत्रालय महानदी भवन द्वारा मुख्य अभियंता हसदेव कछार जल संसाधन विभाग बिलासपुर को परियोजना के कार्यों को कराने के लिए प्रशासकीय स्वीकृति जारी की गई है।

# पीएम आवास 2.0 के लिए सर्वे शुरू, ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी श्रेणी वाले भी पात्र

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर




प्रधानमंत्री आवास योजन शहरी का पांच साल का कार्यकाल पूरा होने के बाद अब पीएम आवास योजना शहरी 2.0 की बारी है। इसी महीने से शुरू हुई यह नई योजना पांच साल के लिए बनाई गई है। खास बात ये है कि इस योजना के क्रियानव्यन के लिए राज्य सरकार ने 15 नवंबर से रैपिड असेसमेंट सर्वे शुरू करने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत पात्र लाभार्थियों, परिवारों, क्रियान्वयन एजेंसियों को किफायती लागत पर आवास के निर्माण, विक्रय या किराए के लिए अनुदान देने का प्रावधान है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने इस संबंध में प्रदेश के सभी निगम आयुक्त, सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर पालिक परिषद और नगर पंचायत को आदेश जारी किया है। योजना के क्रियान्वयन के संबंध में भारत सरकार आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के पत्र के हवाले से शहरी क्षेत्रों में सहसे लिए आवास मिशन के तहत पीएम आवास शहरी 2.0 के क्रियान्वयन के संबंध में निर्देश जारी किए हैं।

### पात्रता के लिए ये हैं मानदंड

इस योजना में शामिल होने वालों के लिए कई बिंदुओं पर आधारित मानदंड तय किए गए हैं। शहरी क्षेत्रों में रहने वाले ईडब्ल्यूएस, एलआईजी, एमआईजी श्रेणी से संबंधित परिवार, जिनके पास देश में कहीं भी कोई पक्का आवास नहीं है, पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत आवास खरीदने या बनाने के लिए पात्र हैं। लाभार्थी, पीएमएवाई-यू 2.0 योजना के घटकों में से केवल किसी एक घटक के तहत लाभ प्राप्त करने के लिए पात्र होगा। वैसे लाभार्थी जिन्हें शहरी या ग्रामीण क्षेत्रों में पिछले 20 वर्षों में केन्द्र सरकार, राज्य, संघ राज्य क्षेत्र सरकार और स्थानीय स्वशासन की किसी भी आवास योजना के तहत आवास आवंटित किया गया है, वे पीएमएवाई-यू 2.0 के तहत लाभ प्राप्त करने के पात्र नहीं होंगे। इस संबंध में शहरी स्थानीय निकाय द्वारा आवास की मांग का सत्यापन करते समय लाभार्थी से एक शपथ-पत्र भी लिया जावेगा।

### इन वर्गों को मिलेगी वरीयता

*योजना के तहत विधवाओं, एकल महिलाओं, दिव्यांगजन, वरिष्ठ नागरिकों, ट्रांसजेंडर, अनुसूचित जाति,अनुसूचित जनजाति, अल्पसंख्यकों और समाज के अन्य कमजोर और वंचित वर्गों के व्यक्तियों को वरीयता दी जाएगी। सफाई कर्मियों, पीएम स्वनिधि योजना के तहत चिन्हित स्ट्रीट वेंडरों, पीएम विश्वकर्मा योजना के तहत विभिन्न कारीगरों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं, भवन और अन्य निर्माण श्रमिकों, झुग्गी,चॉल के निवासियों और पीएमएवाई-यू 2.0 के संचालन के दौरान चिन्हित अन्य समूहों पर विशेष ध्यान दिया जाएगा। पूर्व आवासीय योजनाओं में यदि किसी पात्र लाभार्थी के माता-पिता को पक्का आवास प्रदान किया गया है, तो उनके आवेदन पर योजना का लाभ प्रदान करने के पूर्व, ऐसे पात्र परिवारों लाभार्थियों जिनके माता-पिता ने पिछली आवास योजनाओं का कोई लाभ नहीं उठाया है, को पहले योजना का लाभ प्रदान किया जाएगा।*

## 14 टेबल लगेंगे, 19 राउंड तक चलेगी गणना

# मतगणना की तैयारी अंतिम चरण पर कर्मियों को बारीकियों की दी जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ में एक सीट रायपुर दक्षिण विधानसभा में हुए उपचुनाव की मतगणना को लेकर निर्वाचन आयोग की ओर से तैयारी शुरू कर दी गई है। 23 नवंबर को सेजबहार स्थित शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज में मतगणना होगी। वहां रिटर्निंग अधिकारी, सहायक रिटर्निंग अधिकारी, सुरक्षा नोडल, पोस्टल बैलेट नोडल, टेबुलेशन नोडल, मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक एवं माइक्रो आब्जर्वर को मतगणना का प्रशिक्षण दिया गया।

■ मतगणना की तैयारी अंतिम चरण पर, कर्मियों को बारीकियों की दी जानकारी

राज्य स्तरीय मास्टर ट्रेनर ने कर्मियों को मतगणना में बरती जाने वाली सावधानियों और हर पहलुओं की बारीकियों की जानकारी दी। प्रशिक्षण स्थल पर मतगणना हॉल का मॉडल बनाया गया, जहां पर सभी मतगणना दलो मॉडल का अवलोकन कराया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गौरव सिंह ने कहा, सभी कर्मचारी अपनी कार्यकुशलता और बेहतर स्किल के साथ कार्य करें। सभी कर्मी मतगणना कार्य के दौरान व्यवहार सहज रखें। टीम निर्वाचन प्रक्रिया का पूर्ण रूप से पालन करे। हर राउण्ड के बाद राजनैतिक अभिकर्ता के टेबुलेशन चार्ट पर अवश्य हस्ताक्षर लेकर उसे जारी किया जाएगा।



### 21 को कांग्रेस देगी प्रशिक्षण

मतगणना को लेकर कांग्रेस अपने एजेंटों और कार्यकर्ताओं को मतगणना की बारीकियों के संबंध 21 नवंबर को ट्रेनिंग देगी। पार्टी ने मतगणना के लिए एजेंटों की नियुक्ति कर ली है। जिला निर्वाचन को इसे भेजकर गणना एजेंटों के लिए प्रवेश पत्र बनवाए जा रहे हैं।

### 19 राउंड में होगी गिनती

*मतगणना के लिए भी प्रशासन द्वारा तैयारी को अंतिम रूप दिया जा रहा है। मतगणना के लिए 14 टेबल लगाए जाएंगे, जिनमें करीब 19 राउंड में गिनती होगी। डाकमत पत्रों की गिनती के लिए अलग से दो टेबल लगाए जाएंगे। मतगणना की शुरुआत सुबह 8 बजे डाकमत पत्रों की गणना से होगी। आधे घंटे बाद ईवीएम मशीनों की गणना शुरू होगी। प्रत्येक टेबल पर गणना पर्यवेक्षक, सहायक पर्यवेक्षक एवं एक माइक्रो आब्जर्वर तैनात रहेंगे। प्रत्येक टेबल पर 3 और 14 टेबल पर 42 कर्मचारी मौजूद रहेंगे। ईवीएम मशीन टेबल तक लाने व ले जाने के लिए अलग से कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। मतगणना का लाइव कवरेज देखने के लिए मतगणना हॉल के बाहर परिसर में सीसीटीवी-एलईडी की व्यवस्था रहेगी। इसके लिए 6 कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है।*

### ईवीएम की रखवाली करेंगे कांग्रेसी, तीन समिति बनी

*छत्तीसगढ़ में 13 नवंबर को हुए उप चुनाव के मतदान के बाद शासकीय इंजीनियरिंग कॉलेज के स्ट्रांग रूम में ईवीएम कड़े सुरक्षा के बीच रखा गया है। कांग्रेस ने यहां रखी ईवीएम की निगरानी करने का निर्णय लिया है। मतदान के एक सप्ताह बाद कांग्रेस को निर्वाचन आयोग से अनुमति मिलने के बाद कांग्रेसी वहां पर मंगलवार से निगरानी करने पहुंचेंगे। मतगणना स्थल के बाहर कांग्रेस के कार्यकर्ता वहां पर आने जाने वालों की निगरानी कर रहे हैं। निगरानी समिति में 12-12 लोगों की तीन टीम बनाई गई है।*

# पंडरी जिला अस्पताल के ऑक्सीजन प्लांट में सुधार शुरू




हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि की खबर का असर हुआ है। पंडरी के जिला अस्पताल में काफी दिनों से बंद पड़ी ऑक्सीजन प्लांट को शुरू करने के लिए सीजीएमएससी द्वारा काम प्रारंभ कर दिया गया है। प्लांट में खराबी आने की वजह से अस्पताल के मरीजों को सिलेंडर के माध्यम से ऑक्सीजन उपलब्ध कराया जा रहा था। खबर का प्रकाशन होने के बाद अस्पताल प्रबंधन द्वारा अपनी भेजी गई चिट्ठी पर अपडेट लिया गया। उनकी सख्त हिदायत के बाद सीजीएमएससी की टीम पहुंची और प्लांट में काम शुरू हुआ। अगले दो से तीन दिन में व्यवस्था सामान्य होने की संभावना है। आयुष विवि से शिफ्ट प्लांट से पाइप लाइन की मदद से जिला अस्पताल की ओटी तक पाइप लाइन के माध्यम से ऑक्सीजन की सप्लाई की जाती है। प्लांट के किसी पाट्‌र्स में खराबी आने की वजह से उसका उपयोग बंद हो गया था और अस्पताल प्रबंधन वैकल्पिक व्यवस्था के माध्मय से अपना काम चला रहा था। प्लांट के पुनः सुधरने के बाद अस्पताल स्टाफ ने भी राहत की सांस ली है। यहां कोविड काल में एक प्लांट और स्थापित किया गया है, जिसका उपयोग यदा-कदा ही होता है।

### सिपेट देगा निशुल्क प्रशिक्षण

*रायपुर। सिपेट द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के उम्मीदवारों के लिए प्लास्टिक्स इंजीनियरिंग के विभिन्न कौशल विकास पाठ्यक्रमों की निःशुल्क ट्रेनिंग शुरू की जा रही है। यह ट्रेनिंग 2024-25 वर्ष के लिए निर्धारित है। इसके तहत उम्मीदवारों को रोजगारोन्मुखी कौशल प्रदान किया जाएगा। इस ट्रेनिंग के तहत मशीन ऑपरेटर असिस्टेंट-प्लास्टिक्स प्रोसेसिंग, मशीन ऑपरेटर असिस्टेंट- इंजेक्शन मोल्डिंग, मशीन ऑपरेटर असिस्टेंट - ब्लो मोल्डिंग, मशीन ऑपरेटर - लेथ में निशुल्क ट्रेनिंग दी जाएगी। उम्मीदवारों की शैक्षिक योग्यता 10वीं पास व आयु सीमा 18-30 वर्ष (आरक्षित वर्ग के लिए आयु सीमा में छूट) निर्धारित की गई है। आवेदन के लिए उम्मीदवारों को दस्तावेजों की फोटो कॉपी (अंकसूची, पहचान पत्र, जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र, पासपोर्ट साइज फोटो) के साथ आवेदन पत्र ईमेल या डाक के माध्यम से सिपेट, रायपुर भेजना होगा। प्रशिक्षण के बाद, सफल प्रशिक्षार्थियों को प्लास्टिक्स और मैन्युफैक्चरिंग इंडस्ट्रीज में रोजगार के अवसर प्रदान किए जाएंगे।*

## नान घोटाले में फंसे सतीशचंद्र वर्मा की अग्रिम जमानत याचिका पर सुनवाई आज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ के बहुचर्चित नान घोटाला मामले में फंसे पूर्व महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा की अग्रिम जमानत याचिका पर मंगलवार को होने वाली सुनवाई टल गई। यह सुनवाई अब 20 नवंबर को होगी। ईओडब्ल्यू ने सतीशचंद्र वर्मा के साथ नान घोटाला मामले में आईएएस अफसर आलोक शुक्ला और अनिल टूटेजा के खिलाफ भी केस दर्ज किया है। इन तीनों पर वर्ष 2015 में दर्ज नान घोटाले में आरोप है कि उनके द्वारा अपने पद का दुररुपयोग कर गवाहों पर दबाव बनाकर बयान को बदलवाकर प्रभावित किया गया था। इस मामले की जांच अभी चल रही है। ईओडब्ल्यू ने ईडी की ओर से भेजे गए प्रतिवेदन के आधार पर तीनों के खिलाफ केस दर्ज किया है।

## रबी फसल में धान बोने पर प्रतिबंध नहीं धनेन्द्र फैला रहे अफवाह : बजाज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं अपेक्स बैंक के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने कांग्रेस नेता धनेन्द्र साहू द्वारा रबी फसल को लेकर दिए गए बयान को सफेद झूठ करार देते हुए कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा ऐसा कोई आदेश जारी नहीं हुआ है, जिसमें धान बोने पर प्रतिबंध लगाया गया है या धान बोने पर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाने की बात हो। धनेंद्र साहू अफवाह फैलाकर किसानों की झूठी वाहवाही लेने का प्रयास कर रहे हैं। श्री बजाज ने कहा, धमतरी व बालोद जिले के कुछ गांवों में भू-जल स्तर गिरने के कारण किसानों ने धान नहीं बोने का फैसला किया है। चूंकि धान की फसल में पानी की खपत अधिक होती है, इसीलिए किसानों ने रबी सीजन में कम पानी में पकने वाली फसलें यानी दलहन-तिलहन की फसल लेने का निर्णय लिया है। यह गांव वालों का स्वयं का निर्णय है। इस निर्णय से सरकार का कोई सरोकार नहीं है।

# सोसाइटियों की एनओसी के बिना मकानों और फ्लैट की रजिस्ट्री

## घर लेते ही हजारों का बकाया, मेंटनेंस में फंस रहे लोग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पंजीयन विभाग की लापरवाही का हर्जाना टाउनशिप व हाउसिंग सोसाइटी में मकान व फ्लैट खरीदने वालों को भुगतना पड़ रहा है। शहर की कई हाउसिंग सोसाइटियों में रहवासियों का हजारों रुपये मेंटेनेंस राशि बकाया है। ऐसे आवासों को उनके मालिक सोसाइटियों से एनओसी लिए बिना ही अपनी संपत्ति बेच रहे हैं, जिसके कारण आवास खरीदने वालों पर सोसाइटी द्वारा हजारों रुपए का मेंटनेंस का बिल थमाया जा रहा है। इस तरह टाउनशिप व हाउसिंग सोसाइटी में मकान व फ्लैट खरीदने वाले फंस रहे हैं।



### फ्लैट संपत्ति कर जमा करने की रसीद मांगी जाती

पंजीयन कार्यालय के नियमानुसार आवासीय सोसायटियों के फ्लैट की रजिस्ट्री कराने के लिए वर्तमान वर्ष की संपत्ति कर जमा करने की रसीद मांगी जाती है। यदि पूर्व वर्षों के मेटेंनेंस जमा करने की रशीद मांगी जाती है, तो बकाया मेंटनेंस की राशि जमा होने के बाद ही लोग अपने फ्लैट बेच पाते।

### विवाद के कई मामले सामने आ चुके

*सूत्रों के अनुसार जिले में 230 से ज्यादा पुरानी टाउनशिप है जिसे संचालन समितियों को हेंडओवर किया जा चुका है। इनमें 50 फीसदी से ज्यादा मकानों और फ्लैट की रजिस्ट्री हो चुकी है। रजिस्ट्री के बाद कई ऐसे विवाद सामने आ चुके है, जिनमें बकाया मेंटेनेंस देने से आवास खरीदने वाला इंकार करता है। ऐसे में पूर्व मकान मालिक से यह राशि वसूल करना मुश्किल हो जाता है।*

### शिकायतों के बाद भी पंजीयन कार्यालय में सुधार नहीं

इस संबंध में कई बार शिकायतें पंजीयन विभाग में की गई है। इसके बाद भी रजिस्ट्री कार्यालय में इस पर कोई सुधार नहीं लिया जा रहा है। इस मामले में जिला पंजीयक व उपपंजीयकों का कहना है कि पंजीयन विभाग के नियम में ही नहीं है कि किसी भी टाउनशिप के मकान और फ्लैट की रजिस्ट्री के दौरान पंजीकृत हाउसिंग सोसाइटी की एनओसी ली जाए, जिससे सोसाइटी का मेंटेनेंस और बिजली बिल जैसे बकाया राशि की जानकारी खरीदार को मिल सके।

### नियम में नहीं

सोसाइटी के मकानों व फ्लैट की रजिस्ट्री करने से पहले एनओसी मांगे जाने का नियम पंजीयन विभाग में नहीं है।

- **विनोज कोचे,** मुख्य पंजीयक, रायपुर

## बिजनेस साइट

### सुयश हॉस्पिटल ने निकाली डायबिटीज जागरूकता रैली



**रायपुर।** विश्व डायबिटीज दिवस के अवसर पर रायपुर स्थित सुयश हॉस्पिटल ने एक विशेष डायबिटीज जन जागरूकता रैली का आयोजन किया। रैली का नेतृत्व डॉ. अजित कुमार ने किया, जिसमें अस्पताल के कर्मचारी और स्थानीय लोग भी सक्रिय रूप से शामिल हुए। इस रैली के दौरान लोगों को डायबिटीज से बचाव और प्रबंधन के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। डॉ. अजित कुमार ने बताया कि नियमित रूप से 15 से 20 मिनट पैदल चलने, व्यायाम करने और खानपान में सावधानी बरतने से डायबिटीज के जोखिम को काफी हद तक कम किया जा सकता है। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि संतुलित आहार और नियमित जांच से डायबिटीज को नियंत्रित किया जा सकता है और इससे बचाव भी संभव है।

### श्री श्रेयन आयुर्वेदा में निशुल्क स्वर्णप्राशन एवं परामर्श शिविर कल

**रायपुर।** आयुर्वेदिक उपचार और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अग्रणी श्री श्रेयन आयुर्वेदा पंचकर्म एवं वेलनेस सेंटर द्वारा पुष्य नक्षत्र के शुभ अवसर पर एक विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर 21 नवंबर गुरुवार को सुबह 11 बजे से शाम 5 बजे तक शंकर नगर के गायत्री नगर स्थित जगन्नाथ मंदिर के पास श्री श्रेयन आयुर्वेदा एवं पंचकर्म में आयोजित होगा। इस आयोजन में 1 से 16 वर्ष के बच्चों के लिए निशुल्क स्वर्णप्राशन की सुविधा प्रदान की जाएगी। स्वर्णप्राशन एक प्राचीन आयुर्वेदिक उपचार है, जो बच्चों की रोग प्रतिरोधक क्षमता को बढ़ाने, उनकी स्मरण शक्ति को मजबूत करने और शारीरिक व मानसिक विकास को बेहतर बनाने में सहायक है। साथ ही शिविर में सभी वर्ग के लोगों के लिए निशुल्क आयुर्वेदिक परामर्श की भी व्यवस्था की गई है। शिविर में आयुर्वेद विशेषज्ञ डॉ. पल्लवी क्षीरसागर उपस्थित रहकर मार्गदर्शन प्रदान करेंगी।




## अमलीडीह मुख्य मार्ग से बीएसयूपी कॉलोनी तक सड़क का होगा डामरीकरण, एक करोड़ की लागत से होगा निर्माण



**रायपुर।** अमलीडीह मुख्य मार्ग से बीएसयूपी कॉलोनी तक की सड़क का डामरीकरण कार्य होगा। इस कार्य का शुभारंभ मंगलवार को रायपुर ग्रामीण विधायक मोतीलाल साहू ने भूमिपूजन कर किया। डा. राजेन्द्र प्रसाद वार्ड नंबर-52 के अमलीडीह मुख्य मार्ग से बीएसयूपी कॉलोनी जाने वाले मार्ग एवं रानी दुर्गावती वार्ड नंबर-50 के विभिन्न स्थानों के भिन्न मार्गो में लगभग एक करोड़ रुपए की स्वीकृत लागत से सड़क डामरीकरण के कार्य होंगे। इस कार्य का भूमिपूजन विधायक ने श्री फल तोड़कर और कुदाल चलाकर किया। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि मैकमिलन साहू सहित 10 जोन कमिश्नर राकेश शर्मा, कार्यपालन अभियंता दिनेश सिन्हा, सहायक अभियन्ता फत्तेलाल साहू, उप अभियंता योजना रमेश पटेल सहित निगम के अन्य अधिकारी-कर्मचारी सहित वार्डवासी मौजूद रहे।









# हरिभूमि लाइव

रायपुर, बुधवार 20 नवंबर 2024

Email id- zindgi.live.hb@gmail.com

0771- 4242222, Message at - 9630172937



02



मौसम के साथ बदला बीमारियों का ...


## एजूकेशन अपडेट

### हेड कोच आर्चरी, न्यूट्रीशियन के लिए आवेदन का आज अंतिम दिन




**रायपुर।** संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण द्वारा राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बहतराई बिलासपुर में संचालित आवासीय हॉकी, तीरंदाजी एवं एथलेटिक अकादमी, खेलो इण्डिया स्टेट सेंटर आफ एक्सिलेंस के लिए तीरंदाजी हेड कोच, न्यूट्रीशियन तथा फिजियोथेरिपिस्ट के 1-1 पद पर संविदा आधार पर भर्ती के लिए विज्ञापन जारी किया गया है। संचालक खेल एवं युवा कल्याण तनूजा सलाम ने बताया कि भारत सरकार की खेलो इण्डिया योजनांतर्गत बहतराई बिलासपुर के खेलो इण्डिया स्टेट सेंटर आफ एक्सिलेंस के सभी रिक्त पद जल्द भरे जाएंगे। सभी रिक्त पदों पर संविदा आधार पर भर्ती का विज्ञापन जारी किया जा चुका है। आवेदन रजिस्टर्ड पोस्ट के माध्यम से जमा करने की अंतिम तिथि 4 दिसंबर को सायंकाल 5 बजे तक निर्धारित है। पूर्व में भी संचालनालय द्वारा एचपीएम, स्ट्रैंग्थ एण्ड कण्डिशनिंग एक्सपर्ट और यंग प्रोफेशनल के 1-1 पद के लिए विज्ञापन जारी किया गया था, जिसके आवेदन की अंतिम तिथि 20 नवंबर निर्धारित है।

#### वेबसाइट पर कर सकेंगे आवेदन

प्राप्त आवेदनों पर भारत सरकार की खेलो इण्डिया योजनांतर्गत निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप भर्ती की कार्यवाही की जाएगी। आवेदन पत्र विभागीय वेबसाइट **www.sportsyw.cg.gov.in** से डाउनलोड किया जा सकता है। आवेदन पत्र एवं विस्तृत विज्ञापन खेल एवं युवा कल्याण विभाग के विभागीय वेबसाइट और संचालनालय खेल एवं युवा कल्याण सरदार वल्लभभाई पटेल अंतर्राष्ट्रीय हॉकी स्टेडियम रायपुर एवं राज्य खेल प्रशिक्षण केंद्र बहतराई बिलासपुर के कार्यालयीन सूचना पटल पर उपलब्ध है।

हरिभूमि-आईएनएच न्यूज का आयोजन, 1 दिसंबर को दौड़ेगी राजधानी

# शरीर स्वस्थ बनाने मिलकर दौड़ेंगे रायपुरियंस, जनप्रतिनिधियों ने कहा- मैराथन में परिवार और दोस्तों के साथ लगाएं दौड़

प्रदेश के सबसे प्रतिष्ठित अखबार दैनिक हरिभूमि और हरिभूमि समूह के चैनल आईएनएच न्यूज द्वारा 1 दिसंबर को राजधानी रायपुर में मैराथन दौड़ का बड़ा आयोजन किया गया है। इसमें 10 और 5 किलोमीटर के दो वर्ग रखे गए हैं। इस खास आयोजन को लेकर जनप्रतिनिधि भी लोगों को मैराथन से जुड़ने के लिए प्रेरित कर रहे हैं।



**रायपुर।** प्रदेश के मंत्रियों-विधायकों ने लोगों को परिवार और दोस्तों के साथ मिलकर दौड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए दौड़ना जरूरी है, क्योंकि इससे कई बीमारियों से हम बच सकते हैं। प्रतियोगिता का हिस्सा बनकर लोगों को भी स्वस्थ शरीर के लिए जागरूक करें। बता दें कि दोनों वर्ग में पहले स्थान पर आने वाले पुरुष और महिला प्रतियोगी को नकद पुरस्कार दिया जाएगा। दस किलोमीटर के विजेताओं को 50-50 हजार रुपए नकद मिलेंगे, वहीं पांच किलोमीटर वर्ग के विजेताओं को 25-25 हजार का पुरस्कार दिया जाएगा। साथ ही सभी प्रतिभागियों को टी-शर्ट और प्रतियोगिता में शामिल होने का प्रमाणपत्र दिया जाएगा। प्रतियोगिता में किसी भी वर्ग के धावक शामिल हो सकते हैं। प्रतियोगी अपना पंजीयन कराने के लिए **ironlife.in** पर जाकर अपना पंजीयन कर सकते हैं। मैराथन को लेकर सभी वर्गों के लोग पंजीयन करा रहे हैं। बच्चे, युवाओं समेत पुरुष व महिलाएं भी इस मैराथन में हिस्सा लेंगे। हर दिन प्रदेश के विभिन्न राज्यों से धावक बड़ी संख्या में अपना पंजीयन करा रहे हैं। इसमें कॉलेज और स्कूली बच्चे भी जुड़ेंगे। बता दें कि मैराथन के जरिए फिट और सेहतमंद रहने के लिए प्रेरित किया जाएगा। लोगों को मैराथन से जोड़ने के लिए प्रदेश के धावक खिलाड़ी भी जागरूक कर रहे हैं। सामाजिक संस्था व विभिन्न समाज के लोग एक साथ मैराथन में स्वस्थ शरीर के लिए मिलकर दौड़ लगाएंगे।

### मरीन ड्राइव से शुरू होगी दौड़

मैराथन के लिए हरिभूमि-आईएनएच न्यूज की टीम जुटी हुई है। मैराथन का प्रारंभ 1 दिसंबर को राजधानी रायपुर के मरीन ड्राइव से होगा। मैराथन में प्रदेशभर के खिलाड़ी शामिल होंगे। इसमें स्कूल के साथ कॉलेज के विद्यार्थी और ओपन वर्ग के खिलाड़ी भी भाग लेंगे। प्रदेश के धावक लगातार पंजीयन करा रहे हैं। सभी धावकों को प्रतियोगिता के लिए टी-शर्ट मुफ्त में दी जाएगी। इसी के साथ पदक और प्रमाणपत्र भी दिए जाएंगे।

### हिस्सा लेने पंजीयन कराना जरूरी

प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के लिए प्रतिभागियों को पंजीयन कराना जरूरी है। इसके लिए **ironlife.in** जाकर अपना नाम व पता संबंधित जानकारी देनी होगी। इसके बाद पंजीयन का नंबर आपको प्राप्त हो जाएगा। 10 किलोमीटर की एक दौड़ सुबह 6.30 बजे शुरू होगी और दूसरी 5 किलोमीटर की दौड़ 7 बजे होगी।

### दौड़ में जुड़ने के लिए प्रेरित करें



मैराथन को लेकर भाजपा विधायक पुरंदर मिश्रा ने कहा कि स्वस्थ शरीर के लिए दौड़ना जरूरी है। शहरवासियों से अपील है कि हरिभूमि एवं आईएनएच न्यूज के कार्यक्रम के साथ जुड़ें। स्वस्थ शरीर के लिए परिवार के सदस्यों व दोस्तों को भी दौड़ में जुड़ने के लिए प्रेरित करें।

### समाज का कल्याण होगा



कांग्रेस संचार प्रमुख सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि जनसरोकार की प्रतिबद्धता हरिभूमि समूह एवं आईएनएच न्यूज में देखने को मिल रही है। संस्था द्वारा जनकल्याण की भावना से कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिससे संपूर्ण समाज के सदस्यों का कल्याण होगा। अधिक से अधिक लोग मैराथन से जुड़ें और लोगों को जीवन में दौड़ को शामिल करने के लिए प्रेरित करें।

### मैराथन से स्वस्थ शरीर बनाएं



प्रदेश स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा कि लोगों को स्वास्थ्य के प्रति प्रेरित करने का कार्य हरिभूमि एवं आईएनएच न्यूज द्वारा किया जा रहा है। योजना के साथ अधिक से अधिक शहरवासी जुड़ने का प्रयास करें। दौड़ लगाकर अपने शरीर को तंदुरुस्त बनाएं। उन्होंने शहर में होने वाले इस आयोजन की सराहना की।

### जीवन के लिए दौड़ जरूरी



नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत ने कहा कि सामाजिक जागरूकता एवं स्वस्थ जीवन के लिए दौड़ का आयोजन किया जा रहा है। रोजाना दौड़ व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए बेहतर होती है। मैराथन में सभी वर्ग के लोग मिलकर दौड़ें।

### व्यस्त जीवन में खेल, दौड़ और कसरत जरूरी



विधायक संदीप साहू ने कहा कि हरिभूमि एवं आईएनएच न्यूज को कार्यक्रम के लिए शुभकामनाएं हैं। दौड़ से व्यक्ति को अनेक फायदे होते हैं, स्वस्थ जीवन के लिए दौड़ जरूरी है। संस्था द्वारा आयोजित कार्यक्रम सामाजिक अपील की भावना है। व्यस्त जीवन में खेल, दौड़ समेत व्यायाम के साथ जुड़े रहना चाहिए।

### व्यक्ति को मिलती है नई दिशा



मैराथन को लेकर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा कि व्यक्ति का स्वस्थ जीवन ही अच्छा जीवन है। जीवन में दौड़ से व्यक्ति को नई दिशा मिलती है। इस आयोजन से पूर्व सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं। एक साथ मिलकर दौड़ लगाएं।

### जन जागरूकता योजना में हों शामिल



राज्य खेल मंत्री टंकराम वर्मा ने कहा कि दौड़ना व्यक्ति के स्वास्थ्य के लिए बेहतर होता है। सभी शहरवासियों से अपील है कि वे दौड़ के माध्यम से जनजागरूकता योजना में शामिल हों। मैराथन से जीवन में दौड़ को शामिल करें और स्वस्थ रहें।

## सिटी इवेंट

### बच्चों ने खेल-खेल में सीखा धार्मिक जुड़ाव अच्छे भोजन और आदतों की दी शिक्षा



**रायपुर।** विवेकानंद नगर रायपुर में आत्मोल्लास चातुर्मास सानंद संपन्न हुआ। चातुर्मास के अंतिम कार्यक्रम के रूप में किड्स कार्निवाल का आयोजन प्रथम बार किया गया। 500 बच्चों की उपस्थिति रही।5 से 20 वर्ष के आयुवर्ग के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। दोपहर 1 बजे से शाम 6 बजे तक हुए कार्यक्रमों में नॉलेज जोन, गेम जोन और फूड जोन की थीम से बच्चों एवं किशोरों को अच्छे भोजन, अच्छी आदतों और खेल-खेल में धर्म से जोड़ा गया। प्रवेश द्वार का उद्घाटन परम पूज्य साधु भगवंतों एवं साध्वी भगवंतों ने किया। इस मौके पर चातुर्मास समिति के पुखराज मुणोत, सुरेश बरड़िया, मांगीलाल बरड़िया, महेंद्र सराफ, कुशल तालेड़ा, शिखर गोलछा मुख्य रूप से उपस्थित थे। विशेष सहयोग अरिहंत कलाकृति ग्रुप एवं महिला मंडल का रहा। हॉरर थीम के साथ प्रवेश द्वार बनाया गया था, जो बच्चों के लिए काफी रोमांचक रहा। बच्चों का भय दूर करना और मन से डर निकालना इस थीम का उद्देश्य रहा।



#### जंक फूड का त्याग, बच्चों ने लिया संकल्प

नॉलेज जोन में बच्चों को डज और डू नॉट्स अर्थात बच्चों को क्या करना चाहिए, क्या नहीं करना चाहिए की शिक्षा दी गई। अलग-अलग स्टॉल के माध्यम से अच्छे और बुरे के बीच का अंतर सिखाया गया। बड़ों के प्रति आदर, धर्म भावना, जीवदया, अच्छी आदतें, स्वस्थ भोजन ग्रहण करना एवं जंक फूड का त्याग करने के लिए प्रेरित किया गया। साथ ही नशा, पबजी, कार्ड, जंक फूड से दूरी की शिक्षा दी गई। गेम जोन में जमीन पर बड़े फ्लोर पर सांप सीढ़ी का खेल, लूडो, रिंग गेम, बॉलिंग के साथ ही तीर्थ एवं तीर्थंकर के नाम से मैचिंग गेम्स खिलाए गए। इससे बच्चों का धर्म से जुड़ाव कराने खेल-खेल में धार्मिक गतिविधियों से जुड़ाव कराया गया। फूड जोन में बच्चों के पसंदीदा फूड्स गुपचुप, पॉपकॉर्न, कैंडी, पनीर चिली समेत साउथ इंडियन डिशेज रखी गईं। इससे बच्चों में काफी उत्साह देखा गया।

## बुद्ध की मूर्तियों ने खींचा ध्यान, शांत और समाधि मुद्रा का जाना महत्व

**रायपुर।** संस्कृति विभाग व अभिलेखागार एवं संग्रहालय रायपुर द्वारा महंत घासीदास स्मारक संग्रहालय परिसर स्थित कला-वीथिका में 'प्राचीन छत्तीसगढ़ में धातु शिल्प' पर छायाचित्र-प्रदर्शनी लगाई गई है। इस प्रदर्शनी का उद्घाटन संचालक विवेक आचार्य और प्रो. एलएस निगम ने विभागीय अधिकारियों-कर्मचारियों की उपस्थिति में किया। यहां प्राचीन छत्तीसगढ़ में उत्कृष्ट धातुकर्म के साक्ष्य अद्वितीय मूर्तियों के चित्र प्रदर्शित किए गए हैं।



अधिकांश चित्र प्राचीन राजधानी सिरपुर के उत्खनन से प्राप्त धातु प्रतिमाओं के हैं, जिनके विषय में जनसामान्य को बहुत कम जानकारी है। इनमें से कुछ मूर्तियां देश-विदेश की प्रदर्शनियों में प्रदर्शित और प्रशंसित हुई हैं। सिरपुर की कुछ धातु मूर्तियां वर्तमान में नागपुर संग्रहालय, रायपुर संग्रहालय तथा अधिकांश मूर्तियां भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण रायपुर मंडल के अधीन हैं। इस प्रदर्शनी में सिरपुर की बौद्ध धातु प्रतिमाओं सहित सलखन की गौरी प्रतिमा के चित्र, संक्षिप्त जानकारी के साथ लगाए गए हैं।



### प्रतिमाओं का किया अवलोकन

प्रदर्शनी में भगवान बुद्ध की विभिन्न मुद्राओं की मूर्ति सहित, बोधिसत्व, मंजूश्री, अवलोकितेश्वर, जांभल और बौद्ध देवियों जैसे तारा, प्रज्ञापारमिता, भृकुटी, वज्रतारा, वसुधारा की सुंदर प्रतिमाओं का अवलोकन किया जा सकता है। प्राचीन छत्तीसगढ़ की धातु प्रतिमाओं का निर्माण ढलवां (लॉस्ट वैक्स) तकनीक से हुआ है। आज भी यहां इसी विधि से ढोकरा और घड़वा शिल्प में मूर्तियां बनती हैं, जिनकी पहचान विश्व में छत्तीसगढ़ के पारंपरिक शिल्प के रूप में है। प्रदर्शनी का अवलोकन 25 नवंबर तक कार्यालयीन समय में किया जा सकता है।

## नाटक से समझाया मोबाइल का एडिक्शन जीवन कर देगा बर्बाद



**रायपुर।** नाट्य कला द्वारा भाषाई कौशल एवं व्यक्तित्व विकास को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से जनरेशन गैप व मोबाइल एडिक्शन का आज की पीढ़ी पर प्रभाव विषय पर महाविद्यालय स्तर पर लघु नाट्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विषयों पर नाट्य प्रस्तुतियां दी गई। पल्लवी और उनके समूह ने जनरेशन गैप, वेदिका और समूह ने स्वच्छता अभियान, हिमांशु सेन और उनके समूह ने साक्षरता, मनीषा सिन्हा समूह ने मोबाइल एडिक्शन का आज की पीढ़ी पर प्रभाव विषय पर अपनी प्रस्तुतियां दी। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. हंसा शुक्ला ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को रचनात्मक गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया और कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगिताएं उनके समग्र विकास में सहायक होती हैं। प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. सुनीता वर्मा और गणित विभाग की सहायक प्राध्यापक कामिनी वर्मा ने निभाई। प्रतियोगिता में हिमांशु सेन एवं उनके समूह ने विजेता का खिताब जीता।

ठंड के मौसम में पेट्स को होती है हाइपोथर्मिया की समस्या, हाइड्रेटेड से बचने पानी जरूरी

# ठंड में 30 डिग्री सेल्सियस तापमान पर पैट्स रहेंगे बीमारी से मुक्त, शाम 6 बजे से पहले वॉक फायदेमंद

कार्नर न्यूज

**रायपुर।** मौसम के बदलने से इंसानों के तरह पैट्स के शरीर में बदलाव देखने को मिलते हैं। ठंड का मौसम भी पैट्स के लिए हेल्दी सीजन होता है, लेकिन इसी बीच देखभाल के साथ सावधानियां भी जरूरी हैं। वेटरनरी डॉक्टरों के अनुसार, आमतौर पर लोग मानते हैं कि डॉग्स को गर्मी ज्यादा लगती है, इसलिए उन्हें ठंड के मौसम में सर्दी का अहसास भी कम होगा, लेकिन ऐसा नहीं है। थोड़ी-सी लापरवाही करने पर डॉग्स भी हाइपोथर्मिया का शिकार हो सकते हैं। ऐसे में जरूरी है कि उन्हें 30 डिग्री सेल्सियस के तापमान वाले कमरे में रखा जाए। हालांकि इस बात का ख्याल भी रखना जरूरी है कि रूम हीटर का अधिक प्रयोग नहीं किया जाए।





शहर के वेटरनरी डॉक्टरों के अनुसार, ठंड के मौसम में बहुत से लोग सुबह-सुबह ही डॉग्स को वॉक कराने के लिए निकल जाते हैं, लेकिन कड़ाके की ठंड में उन्हें सुबह 8 बजे के बाद और शाम को 6 बजे से पहले ही वॉक करानी चाहिए, क्योंकि आठ बजे के बाद धूप तेज होनी शुरू हो जाती है, जबकि शाम छह बजे के बाद तापमान में गिरावट का सिलसिला शुरू होता है। इसके अलावा सर्दी के मौसम में डॉग्स पानी पीना भी कम कर देते हैं, लेकिन उनके शरीर को हाइड्रेटेड रखना जरूरी है। ऐसे में उन्हें पानी पिलाने का ध्यान रखा जाए। जरूरी नहीं कि तेज ठंड होने पर ही उन्हें गर्म कपड़े पहनाए जाएं, बल्कि गुलाबी सर्दी की शुरुआत के साथ ही उन्हें गर्म कपड़ों की आदत डाल देनी चाहिए। इससे वे समय के साथ इन कपड़ों के साथ एडजस्ट करने लगेंगे।

### एक घंटे का सन बॉथ है जरूरी



वेटरनरी डॉक्टर डॉ. एस के जैन ने बताया कि सर्दी के मौसम में आमतौर पर कोहरा रहता है। इस दौरान डॉग्स को सर्दी-जुकाम होने की संभावना ज्यादा रहती है, क्योंकि कोहरे के कारण धूप नहीं निकलती और तापमान भी कम रहता है। सर्दी में जब भी धूप निकले तो इंसानों की तरह ही डॉग्स को भी आधे से एक घंटे तक का सन बॉथ देना जरूरी है। सन बॉथ देने के दौरान उनके गर्म कपड़े उतारना जरूरी है, क्योंकि इससे धूप उनके पूरे शरीर में लगेगी और उन्हें स्किन इंफेक्शन होने का खतरा बहुत कम हो जाएगा। इसके अलावा डॉग्स को नहलाते समय गुनगुने पानी का इस्तेमाल करना जरूरी है। नहलाने के बाद यह भी सुनिश्चित करना जरूरी है कि उनका शरीर पूरी तरह से सूख जाए।

## धर्म लाइव

# कविताओं में शिवाजी महाराज का शौर्य वर्णन रानी लक्ष्मीबाई के साहस की सुनाई कहानी



रायपुर। महाराष्ट्र मंडल में प्रतिमाह 19 तारीख को होने वाली शिवाजी महाराज की महाआरती के साथ रानी लक्ष्मीबाई की जयंती मनाई गई। इस दौरान महाराष्ट्र मंडल की वरिष्ठ जनसेवा समिति के प्रभारी दीपक पात्रीकर ने शिवाजी महाराज की वीरता और साहस को नमन करते हुए उनके कुछ प्रसिद्ध प्रसंगों पर चर्चा की। श्री पात्रीकर ने कहा कि जब पुणे के करीब नचनी गांव में एक खुंखार चीते की दहशत थी। वह अचानक ही कहीं से हमला करता और जंगल में ओझल हो जाता था। कई लोगों की जान ले चुके चीते के आतंक से ग्रामीण काफी डरे-सहमे थे और अपनी समस्या लेकर शिवाजी महाराज के पास पहुंचे। शिवाजी महाराज ने ग्रामीणों की बातों को धैर्यपूर्वक सुना और उन्हें चीते के दहशत से मुक्त कराने का आश्वासन दिया। तत्पश्चात शिवाजी महाराज अपने सिपाहियों के साथ चीते को मारने के लिए तत्काल जंगल की ओर निकल पड़े।

### कविता पाठ कर जगाई देशप्रेम की भावना

युवा समिति की शुचिता देशमुख ने बताया कि बीते दिनों वे शिवाजी महाराज के जन्मस्थल रायगढ़ जिले के शिवनेरी किले को देखने सपरिवार गई थीं। उनकी यह यात्रा रोमांचक व अविस्मरणीय रही। ऊंची-ऊंची सीढ़ियों वाले मार्ग पर हर एक द्वार पर लगता कि अब पहुंच गए, जैसे ही द्वार पार करते, लगभग उतनी ही दुर्गम दूरी पर दूसरा द्वार नजर आता। ऐसे ही एक के बाद एक सात द्वार पार करने के बाद थककर चूर किले पर पहुंच पाए। शिवाजी महाराज की रोचक जानकारियां देते हुए शुचिता ने रानी लक्ष्मीबाई जयंती पर सुभद्रा कुमारी चौहान की कविता पढ़कर कार्यक्रम में जोश भरा। मंडल के मुख्य समन्वयक श्याम सुंदर खंगन ने बताया कि वे झांसी की रानी के किले जा चुके हैं। उनके साहस की कहानियां सुनीं हैं।

## सिटी लाइव

# लेखा परीक्षा और जवाबदेही का बताया अर्थ सार्वजनिक वित्त और खातों की दी जानकारी



रायपुर। ऑडिट सप्ताह के अवसर पर भारतीय लेखा परीक्षा और लेखा विभाग के सहयोग से अर्थशास्त्र अध्ययनशाला पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय रायपुर में सरकारी लेखांकन, लेखा परीक्षा और लेखा देयता पर एक दिवसीय कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला के मुख्य अतिथि यशवंत कुमार, प्रधान महालेखाकार रहे। अपने संबोधन में उन्होंने सार्वजनिक वित्त और सार्वजनिक खातों के महत्व पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने इस प्रकार की कार्यशालाओं के आयोजन में उच्च शिक्षा संस्थानों की भागीदारी का भी उल्लेख किया। कार्यशाला के अध्यक्ष प्रो. सच्चिदानंद शुक्ल, कुलपति पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय ने लगातार दो वर्षों तक सफलतापूर्वक कार्यशाला आयोजित करने के लिए अर्थशास्त्र अध्ययनशाला की सराहना की। अपने अध्यक्षीय भाषण में प्रो. शुक्ल ने लेखांकन, लेखा परीक्षा और जवाबदेही का गहन अर्थ बताया।

### अनुसंधान के विभिन्न क्षेत्रों की दी जानकारी

स्वागत भाषण अर्थशास्त्र अध्ययनशाला के विभागाध्यक्ष एवं आचार्य, एवं कार्यशाला के संयोजक डॉ. रवींद्र के. बड़झे ने दिया। लेखांकन, लेखापरीक्षा और सार्वजनिक वित्त में अनुसंधान के विभिन्न क्षेत्रों की ओर प्रकाश डाला गया। डॉ. जीके देशमुख, सह-प्राध्यापक, इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय और कार्यशाला के आयोजन सचिव ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। कार्यशाला में अर्थशास्त्र अध्ययनशाला से प्रो. बीएल सोनेकर, डॉ. अर्चना सेठी, डॉ. सुनील कुमार कुमेटी, डॉ. प्रगति कृष्णन के साथ-साथ अन्य यूटीडी और कॉलेजों के प्रोफेसरों शोधछात्र और एमए प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर के छात्र और महालेखाकार (ए एवं ई), रायपुर, छत्तीसगढ़ के अधिकारियों ने भाग लिया।

## आराधना

# मां राजराजेश्वरी के 1000 नामों का जाप, ऑनलाइन के जरिए जुड़े भक्त




रायपुर। विश्व कल्याण एवं छत्तीसगढ़ की समृद्धि के उद्देश्य से श्री रावतपुरा सरकार यूनिवर्सिटी भव्य पूजन का आयोजन कराया गया। जहां मां राजराजेश्वरी के 1000 नामों का जाप किया गया, साथ ही एकादश लक्ष्यार्चन में 11 लाख से अधिक आहुतियां भी दी गईं। यह आयोजन श्री रावतपुरा सरकार लोक कल्याण ट्रस्ट के मार्गदर्शन में पूर्ण किया गया, जहां ट्रस्ट के दो सौ से अधिक सदस्य उपस्थित रहे। महाविद्यालय में भक्ति और आध्यात्मिकता का अनूठा कार्यक्रम मंगलवार को आयोजित की गई। कार्यक्रम में प्रदेश के अलावा अन्य राज्यों के सदस्य बढ़-चढ़ कर शामिल हुए। एक दिवसीय पूजन कार्यक्रम महाराज के सानिध्य में किया गया, महाविद्यालय परिसर में आयोजित कार्यक्रम के अंत में 'नमः नमः जयघोष' से गूंज सुनने को मिली।

### अन्य राज्यों से पधारे श्रद्धालु

कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य राज्य में सभी व्यक्तियों की उन्नति एवं कल्याण रहा। भव्य आयोजन में सभी सदस्य कतार में बैठकर पूजन करते दिखे, वही कई ऑनलाइन माध्यम से भी पूजन में शामिल हुए। परिसर में आयोजित कार्यक्रम में युवाओं की उपस्थिति भी बड़ी संख्या में रही। जिन्हें कार्यक्रम से पूर्व पूजन विधि एवं पूजन के महत्व की जानकारी दी गई। साथ ही जाप एवं आहुति के संपूर्ण मंत्रों का अर्थ भी श्रद्धालुओं के समक्ष साझा किया गया।

## वायरल फ्लू से दमा और इस्नोफीलिया के मरीज अधिक सावधानी बरतें

# मौसम के साथ बदला बीमारियों का पैटर्न, तीन दिन से अधिक सर्दी खांसी न करें नजरअंदाज, स्वस्थ होने के बाद एहतियात जरूरी

बदलते समय के साथ ही अब बीमारियों का पैटर्न भी बदलता जा रहा है। पहले जहां वायरल फ्लू 3-4 दिनों में ठीक हो जाता था, अब उसे ठीक होने में 7-10 दिनों तक का वक्त लग रहा है। चिकित्सकों के अनुसार, सामान्य दिखने वाली बीमारियों का सही समय पर इलाज करना जरूरी है। यदि इनका इलाज समय पर न किया जाए तो यह बड़ी समस्या में बदल सकती हैं।

रायपुर। सर्दी, खांसी, बुखार 1-2 दिन में ठीक न होने पर तुरंत चिकित्सक के पास जाएं। इस परिस्थिति में मेडिकल स्टोर से दवा लेने की भूल न करें। वायरल फ्लू का सही समय में इलाज करना जरूरी है, जिससे अधिक समस्या न हो सके। वर्तमान में अब वायरल फ्लू लोगों के बीच तेजी से बढ़ता जा रहा है। जो लगातार एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति के संपर्क में आकर संक्रमित कर रहा है। इससे बचाव के लिए चिकित्सकों की सलाह पर दवा का सेवन करना सही है। चिकित्सकों के अनुसार, नवंबर माह में वायरल फ्लू की समस्या लोगों को हो रही है, जिसके बाद आधे से अधिक व्यक्ति इलाज के लिए चिकित्सक के पास नहीं पहुंच रहे। वे 3-4 दिन मेडिकल स्टोर से दवाई लेकर बीमारी को अधिक बढ़ने के बाद ही अस्पताल पहुंच रहे हैं। छोटे बच्चों और बुजुर्गों के लिए यह बीमारी सही नहीं है, अधिक वक्त तक ध्यान न देने पर यह निमोनिया जैसे बीमारी का रूप ले सकती है।

### बच्चे और बुजुर्गों की देखभाल अधिक करें

आंबेडकर अस्पताल के मेडिसिन विभाग के डॉ. आरएल खरे ने स्वास्थ्य संबंधित रखरखाव को लेकर जानकारी साझा करते हुए कहा, वायरल सभी उम्र के व्यक्तियों को हो सकता है, इसमें सर्दी, खांसी, जुकाम, हेडेक, शरीर में दर्द, कमजोरी की समस्या होती है। इन दिनों छोटे बच्चे और बुजुर्गों को अधिक देखभाल की आवश्यकता होती है। कोविड और फ्लू वायरल के लक्षण एक समान होते हैं, जिससे वारयल होने पर शरीर को जल्द आराम नहीं मिलता। बीमार व्यक्तियों से दूर रहें और मास्क पहनने का प्रयास करें। वायरल से बचाव का एकमात्र उपाय बीमार व्यक्ति से दूरी बनाए रखना होता है। वायरल को ठीक होने में 7-10 दिनों का वक्त लगता है।



### सर्दी के लिए काढ़ा सबसे फायदेमंद

डाइटिशियन डॉ. सारिका श्रीवास्तव ने बताया, सर्दी के दिनों में घरेलू वस्तुओं से काढ़ा और सूप तैयार किया जा सकता है। हेल्दी भोजन के साथ स्वादिष्ट भी बनाया जा सकता है। पानी में तुलसी, अदरक, दालचीनी और शहद मिलाकर काढ़ा तैयार करें, जो सर्दी और खांसी के लिए सबसे फायदेमंद है। सर्दी के दिनों यह डाइट फॉलो करें।

### जरूरत से अधिक खांसी की समस्या का बुरा प्रभाव

मेडिसिन चिकित्सक डॉ. योगेश धाबर्डे ने बताया, ठंड के दिनों में फ्लू वायरस एक्टिव होते हैं, जिसके कारण स्वास्थ्य की समस्या लोगों में बनी रहती है। इसमें सर्दी, खांसी, बुखार, शरीर में दर्द, गले में खराश सामान्य लक्षण हैं, लेकिन इन समस्याओं के लिए चिकित्सकों की सलाह पर ही दवाई लेनी जरूरी है। सामान्य सी दिखने वाली बीमारी बड़ा रूप भी ले सकती है। दमा और इस्नोफीलिया के मरीजों को वायरल फ्लू से सावधानी रखने का आवश्यकता है। सावधानी न रखने पर यह सेकेंडरी बैक्टीरिया में कन्वर्ट हो सकती है, जो व्यक्ति के जीवन के लिए हानिकारक परिणाम दे सकती है। जरूरत से अधिक खांसी स्वास्थ्य पर बुरा प्रभाव डाल सकती है।

### बथुआ भाजी से मिलेगा न्यूट्रिशन



डाइटिशियन सौम्या का कहना है कि सर्दियों के मौसम में रही पत्तेदार भाजियां सबसे ज्यादा फायदेमंद हमारे शरीर के लिए होती हैं। इसमें पालक, मेथी, बथुआ, सरसों भाजी खासकर लोगों को भोजन में शामिल करनी चाहिए। इनमें बीमारियों से लड़ने की क्षमता होती है और शरीर का इम्यून सिस्टम मजबूत रहता है। साथ ही डाइजेशन सिस्टम भी मजबूत होता है। बथुआ भाजी में न्यूट्रिशन भरपूर होता है, जिससे हमारे शरीर में दर्द या चोट समेत कई बीमारियों से खत्म होती हैं। इसके साथ ठंड के मौसम में गाजर, चुकंदर में विटामिन-सी भरपूर मात्रा में होती है, साथ ही दिमाग के ब्लड फ्लो को बढ़ाती है।



### मेथी भाजी से 80 प्रतिशत डायबिटीज होगा कंट्रोल

ठंड का मौसम शुरू होने ही बाजार में हरी सब्जी-भाजियों की मांग और आवक दोनों ही बढ़ गई है। सेहत को स्वस्थ रखने हर मौसम में सब्जियों का महत्व बदल जाता है। ठंड में तीन महीने हरी सब्जियों के सेवन से गंभीर बीमारियों को रोका और खत्म किया जा सकता है। हरिभूमि ने शहर के डाइटिशियन से बातचीत की और जानने का प्रयास किया कि ठंड में किन सब्जी-भाजियों से शरीर को सेहतमंद बनाया जा सकता है। डाइटिशियन के मुताबिक, ठंड के मौसम में डायबिटीज के मरीजों को पालक, मेथी की सब्जियों का उपयोग करना चाहिए। इसमें आयरन, विटामिन ए, सी, कैल्शियम, फास्फोरस जैसे तत्व होते हैं, जो स्वास्थ्य को नियंत्रित रखते हैं। इसके अलावा फल में संतरे, आंवला का सबसे ज्यादा उपयोग करना चाहिए। ये फल शुगर लेवल को नियंत्रित रखते हैं। छोटे बच्चों के शरीर को गर्म रखने के लिए डाइटिशियन ड्राई फ्रूट्स का सेवन करने की सलाह दे रहे हैं। उनका कहना है कि काजू, बादाम, मूंगफली, अखरोट का सेवन कराना चाहिए। इससे सुबह और रात के समय शरीर गर्म रहता है। इसके अलावा इसे भूनकर बच्चों को खिला सकते हैं। ठंड में विटामिन सी के लिए बच्चों को गाजर खिला सकते हैं। सब्जियों के सूप बच्चों के सेहत के लिए फायदेमंद हैं।

# दिखाया कालीमाता का रौद्र स्वरूप, पंजाब और साउथ के पारंपरिक नृत्य ने बांधा समां




रायपुर। प्रगति महाविद्यालय में मंगलवार को जैज नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यहां स्टूडेंट्स ने अपनी प्रस्तुति में देश की विभिन्न संस्कृतियों को पिरोया। कार्यक्रम में हर धर्म की अनूठी संस्कृति देखने को मिली। कार्यक्रम की शुरुआत घर मोरे परदेशिया... गीत पर तृप्ति द्वारा की गई, जिसके बाद पीहू देवांगन ने मां काली के रौद्र रूप धारण कर शानदार प्रस्तुति से सबको खड़े होने पर मजबूर कर दिया। अगली कड़ी में कृष्ण राधा रास रचाने लेखा व ग्रुप ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति दी। गौरव एवं ग्रुप का रीमिक्स नृत्य उर्जावान रहा, वहीं अनुश्री का लावणी डांस पूरे हाव-भाव के साथ मनभावन रहा। कहीं बैली डांस तो कहीं पंजाब एवं साउथ के गानों से स्टेज सजा। इन सब के बीच छत्तीसगढ़ की संस्कृति भी कहां पीछे रहने वाली थी, सुवा नृत्य पर सोनिया साहू ने शानदार प्रस्तुति दी। हर्ष एवं ग्रुप ने हिंदी-छत्तीसगढ़ी के रिमिक्स डांस को प्रस्तुत कर दर्शकों के संग अतिथियों को भी स्टेज पर नृत्य का आनंद उठाने पर मजबूर कर दिया।

### रामधुन पर झूम उठे दर्शक

अस्मिता ने भारत के अलग-अलग राज्यों के नृत्यशैली को एक ही गाने में शामिल कर प्रस्तुति दी। अंत में आशुतोष एवं ग्रुप ने श्रीरामचंद्र की झांकी के साथ रामधुन का बेहतर प्रदर्शन किया, जिसे देख सभी रामभक्ति में लीन होकर झूम उठे। कार्यक्रम में निर्णायक सुश्री एकता पंसारी एवं सोना कुलकर्णी रहीं, जिन्होने कार्यक्रम को अपने डांस के अंदाज में और भी रोचक व उत्साहपूर्ण बना दिया। कार्यक्रम के प्रारंभ में प्राचार्य डॉ. सौम्या नैयर ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि अंग-प्रत्यंगों के संचालन एवं गीतों के माध्यम से नृत्य प्रस्तुत किए जाते हैं, जो कि विलक्षण प्रतिभा की उत्कृष्ट प्रस्तुति है। कार्यक्रम को सफल बनाने में कॉलेज की एडमिस्ट्रेटर सुश्री ज्योति ठाकुर, वाणिज्य एवं प्रबंधन विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. रामकृष्ण राव, कंप्यूटर विभाग के विभागाध्यक्ष मन्नू रवानी, शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. केएन गजपाल, पत्रकारिता विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. प्रवीण कुमार यादव एवं समस्त प्राध्यापकों की सराहनीय भूमिका रही।



प्रगति महाविद्यालय में जैज प्रतियोगिता, स्टूडेंट्स ने दी मनमोहक प्रस्तुति



# व्यक्तित्व निर्माण के लिए भोजन वस्त्र और अच्छी संगत जरूरी

रायपुर। अपनी विद्या से जो सामने वाले व्यक्ति का दुख दूर करता है, उसे वैद्य कहते हैं। समाज में सोचनीय वह होता है, जो धर्म का पालन नहीं करता। पिता की अनुचित आज्ञा का पालन करना भी पुत्र का धर्म होता है। जो प्रेमी होता है, उसका हृदय बड़ा कोमल होता है। धर्म के लिए कोई शॉर्टकट रास्ता नहीं है, धर्म रेडीमेंट कोई वस्तु नहीं होती। धर्म को प्राप्त करने के लिए तपस्या करने की आवश्यकता है। साधु बनने में 5 मिनट लगते हैं, लेकिन साधु जीवन का कार्य पूरा जीवन रहता है। श्री दूधाधारी मठ महोत्सव में श्रीमद वाल्मीकि रामायण कथा का आयोजन किया जा रहा है। जहां अयोध्या के कथावाचक अनंत विभूषित स्वामी रत्नेश प्रपन्नाचार्य महाराज उपस्थित हुए।

### धर्म को तपस्या से प्राप्त किया जा सकता है

समाज के सबसे बड़ी समस्या है कि हर अधार्मिक व्यक्ति धर्म-धर्म चिल्लाता है। बाली ने भी रघुनाथजी से यही कहा था कि धर्म हेतु अवतरेहु गोसाईं। व्यक्तित्व के निर्माण में तीन चीज महत्वपूर्ण है, इसमें भोजन, वस्त्र और संगति का सबसे बड़ा योगदान है। जब अच्छा आहार होगा तो अच्छा व्यवहार भी होगा। अपने घर में रसोई बनाना चाहिए। व्यक्ति के साथ पशु-पक्षी को भी आहार का ज्ञान होता है, घोड़ा मांस नहीं खाता और शेर घास नहीं खाता, लेकिन मनुष्य सर्वभक्षी होता जा रहा है। संगीतमय श्री रामकथा एवं भव्य संत सम्मेलन में छत्तीसगढ़ विधानसभा के नेता प्रतिपक्ष डॉ. चरणदास महंत उपस्थित रहे। साथ ही भानुप्रतापपुर की विधायक सावित्री मनोज मंडावी, लैलूंगा विधायक विद्यामती सिदार, कसडोल विधायक संदीप साहू, धरमजयगढ़ के विधायक लालजीत सिंह राठिया, पूर्व विधायक गुरमुख सिंह होरा, पूर्व मंत्री प्रेमसाय सिंह टेकाम, महंत रामसुंदर दास उपस्थित रहे।

## तीन मुमुक्षुओं की दीक्षा के लिए दादाबाड़ी में महोत्सव का आगाज

# संयम जीवन से पहले परिवार ने लगाई मुमुक्षुओं को हल्दी, मुंबई के कलाकारों ने भक्तिपूर्ण भजनों से मोहा मन

कार्नर न्यूज

रायपुर। संयम जीवन अंगीकार करने जा रहे मुमुक्षुओं की दीक्षा का महामहोत्सव शुरू हो चुका है। इसके तहत मंगलवार को पाठ बिठाई और हल्दी की रस्म निभाई गई। संतों की निश्रा और समाज की मौजूदगी में ये कार्यक्रम बड़े ही धूमधाम से संपन्न हुआ। इस दौरान सूरत से आए साहिल दोशी की संगीतमयी प्रस्तुति से पूरे परिसर का माहौल भक्ति भाव से भर दिया। एमजी रोड स्थित श्री जैन दादाबाड़ी में 23 नवंबर को ऐतिहासिक दीक्षा महोत्सव होने जा रहा है। इसमें तीन मुमुक्षु अरिहंत बुरड़ (रायपुर), नीलेश मेहता (बाड़मेर) और निकिता कटारिया (पाली) की दीक्षा होगी। इसका 5 दिवसीय महोत्सव मंगलवार से शुरू हो गया। इसके तहत सुबह 8 बजे से विभिन्न संस्कार शुरू किए गए। 11 बजे से वीर मायरा हुआ। साधु-साध्वियों के सानिध्य में तीनों दीक्षार्थियों ने साथ मिलकर परमात्मा की भक्ति की। परमात्मा की मूर्ति का दूध, हल्दी आदि द्रव्यों से अभिषेक किया। इसके बाद परिवार और समाज के लोगों ने मिलकर मुमुक्षुओं को हल्दी लगाई। इस दौरान सभी क्रियाएं विधि के साथ और बड़े ही उत्साह से संपन्न कराई गईं। दोपहर 2 बजे से मंगल गीत का कार्यक्रम हुआ, जिसमें दीक्षार्थियों की बहनों और बुआ ने मिलकर उनके संयम जीवन में उनके मंगल की कामना की। शाम 7.30 बजे से परमात्म भक्ति का कार्यक्रम रखा गया। इसमें साहिल के अलावा मुंबई से आए दीक्षित ओसवाल ने भी भक्तमियी प्रस्तुति से उपस्थित जनसमूह का मन मोह लिया। कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लाभार्थी परिवार के सभी सदस्य रायपुर पहुंच गए हैं। श्री ऋषभदेव मंदिर ट्रस्ट मंडल के सभी सदस्य और समितियां महोत्सव को भव्य और सफल बनाने में जुटी हैं।





### सजावट, देशभर से जुट रहा समाज

दीक्षा महोत्सव में तकरीबन 65 साधु-साध्वियां शामिल होने जा रहे हैं। इसके लिए अलग-अलग जगहों से संत रायपुर के विहार कर चुके हैं। कई दादाबाड़ी पहुंच भी चुके हैं। इनके अलावा समाज के लोग भी इस ऐतिहासिक महोत्सव का साक्षी बनने देशभर से यहां इकत्र हो रहे हैं। ऐसे में समाज ने दादाबाड़ी की खास सजावट की है। इन दिनों श्री ऋषभदेव मंदिर के साथ पूरे परिसर की खूबसूरती देखते ही बनती है। बाहर से आने वाले समाजजनों के लिए भोजन की व्यवस्था भी दादाबाड़ी में ही गई है। यहां उन्हें बिठाकर खिलाने का इंतजाम किया गया है।

### आज डोर बांधना, केसर छाटना रस्म निभाई जाएगी

आत्मस्पर्शीय चातुर्मास समिति के अध्यक्ष पारस पारख, महासचिव नरेश बुरड़ और कोषाध्यक्ष अनिल दुग्गड़ ने बताया कि दीक्षा महोत्सव के दूसरे दिन बुधवार की सुबह 8 बजे डोरा बांधने, केशर छांटने की परंपरा निभाई जाएगी। परमात्म भक्ति, मातृ-पितृ वंदना शाम 7 बजे से होगी। इसमें मुंबई के अनीष राठौर प्रस्तुति देंगे। 21 को आदिनाथ पंच कल्याणक और दादा गुरुदेवों की पूजा होगी। वर्षीदान वरघोड़ा 22 नवंबर की सुबह 8 बजे सदर बाजार जैन मंदिर से निकाला जाएगा। अंतिम वायना दोपहर 2 बजे और विदाई समारोह शाम 7 बजे संपन्न होगा। 23 नवंबर की सुबह 6 बजे से भगवती प्रवज्या विधि होगी। इसी के साथ तीनों मुमुक्षु सांसारिक जीवन का त्याग कर संयम पथ पर अग्रसर हो जाएंगे।

## सिटी स्पोर्ट्स

### सीएससीएस ने सैय्यद मुश्ताक़ अली टी 20 के लिए जारी की सूची



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ ने आगामी 25 नवंबर से शुरू हो रही सैय्यद मुश्ताक़ अली टी-20 स्पर्धा के लिए राज्य टीम के 18 सदस्यों का चयन करते हुए फाइनल सूची जारी कर दी है। टीम की कमान अमनदीप खरे संभालेंगे। छत्तीसगढ़ के टीम में चयनित होने वाले खिलाड़ियों में राजधानी के खिलाड़ियों का दबदबा है। इन चयनित खिलाड़ियों में अमनदीप खरे (कप्तान) बीएसपी, आयुष पांडे रायपुर, शशांक चंद्राकर (विकेट कीपर) महासमुंद, शशांक सिंह दुर्ग, अनुज तिवारी रायपुर, प्रतीक यादव रायपुर, अजय मंडल राजनांदगांव, गगनदीप सिंह रायपुर, शुभम अग्रवाल रायगढ़, एम रवि किरण प्रोफेशनल, मयंक यादव रायपुर, संजीत देसाई बीसीए, सौरभ मजूमदार बस्तर, आशीष चौहान रायपुर, एकनाथ केलकर (विकेट कीपर) प्रोफेशनल, जीवेश भुट्टे बीएसपी, आशुतोष सिंह सरगुजा और विश्वाश मलिक रायपुर शामिल हैं।

### इंटर कॉलेज बॉक्सिंग के लिए चुनी गई यूनिवर्सिटी की टीम



**रायपुर।** उच्च शिक्षा विभाग एवं पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के तत्वावधान में शासकीय जे योगानंदम छत्तीसगढ़ महाविद्यालय द्वारा इंटर कॉलेज बॉक्सिंग स्पर्धा का आयोजन 18 नवम्बर को किया गया। आयोजन सचिव एवं क्रीड़ाधिकारी छत्तीसगढ़ महाविद्यालय रुपेंद्र सिंह चौहान ने जानकारी देते हुए बताया कि स्पर्धा का उद्घाटन छत्तीसगढ़ महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ तपेश गुप्ता ने किया। इस अवसर पर पं रविवि की पुरुष एवं महिला बॉक्सिंग टीम का चयन किया गया। जिसमें बॉयज 48-51केजी सनत ठाकुर युटीडी रायपुर, 51-54 रुद्र टंडन संस्कृत कॉलेज, 57-60 धनंजय शुक्ला रावतपुरा सरकार कॉलेज, 60-63.50 विजय बंजारे युटीडी रायपुर, 63.5 -67 शेखर साहू जे योगानंदम छग महा रायपुर ,71-75 कुश चंद्राकर हरिशंकर कॉलेज, 80-86 एलेक्स मिंज विज्ञान महा रायपुर, 67-71वेणुगोपाल सेठ फूलचंद महा नवापारा गर्ल्स 45-48,दामिनी ध्रुव दुर्गा महा रायपुर, 48-50,छाया पटेल पं रामसखा महा ,54-57 खुशबू भोई दू ब महिला महा रायपुर,63-66 संजना कनोजिया दुर्गा महा ,66-70विभा ठाकुर संस्कृत कॉलेज एवम 57-60 तनुजा साहू संत गुरुघासीदास कॉलेज शामिल हैं। इस अवसर पर प्रो केके बिंदल, प्रो राजेश शुक्ल, डॉ रामानन्द यदु ,डॉ प्रमोद मेने, डॉ कर्मिष्ठ शम्भरकर, फिजियो महिमा सहित बड़ी संख्या में क्रीड़ाधिकारी एवं खिलाड़ी उपस्थित थे। निर्णायक एवं चयन समिति के सदस्य के रूप में वरिष्ठ बॉक्सिंग कोच नवीन दास एवं हिमांशु दुबे, वरिष्ठ खिलाड़ी आकाश साहू उपस्थित थे।

### राष्ट्रीय टेबल टेनिस स्पर्धा के लिए छात्राएं गुवाहाटी रवाना



**रायपुर।** सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय कोतरी बिलासपुर की तीन खिलाड़ी छात्राओं का चयन राष्ट्रीय टेबल टेनिस प्रतियोगिता के लिए हुआ है। शासकीय राजीव गांधी महाविद्यालय लोरमी के क्रीड़ाअधिकारी अविनाश निर्मलकर ने बताया कि राज्य स्तरीय में प्रतिस्पर्धा रायपुर में आयोजित की गई थी। जिसमें इन छात्राओं का प्रदर्शन के आधार पर चयन राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता के लिए गुवाहाटी असम के लिए हुआ है। यह प्रतियोगिता 20 से 23 नवंबर तक रॉयल ग्लोबल यूनिवर्सिटी गुवाहाटी में आयोजित होगी। जिसमें कुमारी नीलिमा यादव, मनीष कश्यप और उर्मिला धीवर टीम में शामिल है। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य एवं अध्यापक और कर्मचारियों ने छात्राओ को शुभकामनाएं प्रेषित की है।

### कराटे से समझा महिला सशक्तीकरण को लोगों ने



**रायपुर।** दुर्गा महाविद्यालय की इंटरनल कंप्लेंट कमेटी एवं वीमेन डेवलपमेंट सेल द्वारा आयोजित महिला सशक्तिकरण के अंतर्गत वर्तमान समय में महिलाओं की आत्मरक्षा जरूरी है के विषय में मुख्य वक्ता के रूप में अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी हर्षा साहू ने आत्मरक्षा के गुर विद्यार्थियों को बताएं। कार्यक्रम की शुरूआत में प्राचार्य डॉक्टर सुरेंद्र अग्रवाल ने हर्षा साहू को शाल श्रीफल भेंट कर सम्मान किया। हर्षा साहू ने इस दौरान छात्राओं के साथ उन्हें आत्मरक्षा की विभिन्न तकनीक का जीवंत प्रदर्शन करके दिखाया और कहा कि मैं अपेक्षा करती हूं कि आप अपनी सुरक्षा के लिए डर पर जीत हासिल करें।कार्यक्रम का संचालन डॉक्टर गणेश शंकर पांडे तथा धन्यवाद ज्ञापन डॉक्टर दिव्या शुक्ला ने किया।

● सर्दियों में इन बीमारियों का बना रहता है खतरा, ऐसे करें बचाव

# सर्दियों का मौसम सभी के लिए खुशगवार नहीं होता, तकलीफ भी उठानी पड़ती है इन दिनों

सर्दियों का मौसम सभी के लिए खुशनुमा एहसास लेकर नहीं आता बल्कि बहुत से लोगों के लिए मुसीबत भी बन सकता है। जानते हैं उन बीमारियों के बारे में जिससे आपको परेशानी हो सकती है। सर्दियों का मौसम हर किसी को पसंद आता है। भीषण गर्मी से राहत मिलती है। गुलाबी और सर्द हवा से सुकून पहुंचता है। हालांकि, इस दौरान आपके बीमार होने की संभावना भी बढ़ जाती है। दरअसल पर्यावरण में ठंड तो होता ही है साथ ही शरीर के तापमान में भी गिरावट आती है। शरीर को इन परिस्थितियों में एडजस्ट होने में दिक्कत होती है। वहीं जिनकी इम्यूनिटी कमजोरी होती हैं उनके लिए सर्दियों का मौसम मुसीबत बन जाता है। आइए जानते हैं सर्दियों के मौसम में कौन-कौन सी दिक्कतें परेशान कर सकती है।



### सर्दी-जुकाम

ठंड के मौसम में बैक्टीरिया और वायरस तेजी से बढ़ने लगते हैं। इससे संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है वही इस दौरान हमारी इम्यूनिटी भी गिर जाती है जिस वजह से बैक्टीरिया और वायरस आसानी से हम पर अटैक कर पाते हैं। ठंडी हवा ही नाक में होने वाले इम्यून रिस्पांस को नुकसान पहुंचाती है। वहीं ठंड के मौसम मे लोग घर के अंदर ज्यादा रहते हैं जिससे वायरस एक व्यक्ति से दूसरे व्यक्ति तक आसानी से पहुंच जाते हैं। बचाव- अदरक की चाय, हल्दी वाला दूध, स्टीम, तुलसी का काढ़ा ये आपकी इम्यूनिटी को मजबूत करते हैं और सर्दी जुकाम में राहत मिलती है।

### गठिया

सर्दियों के मौसम में धूप के संपर्क में ना रहने के कारण शरीर में विटामिन डी की कमी हो जाती है और विटामिन डी की कमी जोड़ों के दर्द को ट्रिगर करती है इसके अलावा ठंड और नामी भरा मौसम भी गठिया की समस्या पैदा कर सकता है। बचाव के लिए शारीरिक गतिविधि बढ़ाएं, विटामिन डी युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करें और हाइड्रेटेड रहें।

### वेट गेन

अक्सर ठंड के मौसम में वेट गेन हो जाता है। दरअसल इस मौसम में हम बहुत ज्यादा तले भुने चीजों का सेवन करते हैं। इनमें कैलोरी की मात्रा ज्यादा होती है। वहीं हमारे शारीरिक गतिविधि में भी कमी हो जाती है इससे मोटापा बढ़ जाता है। बचाव के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं, फाइबर युक्त भोजन करें, अपने सोने का पैटर्न ठीक करें और शारीरिक गतिविधि बढ़ाएं।

### कब्ज

सर्दियों के मौसम में कब्ज भी बढ़ जाती है। इसके पीछे का भी कारण है अनहेल्दी डाइट और फिजिकल एक्टिविटी की कमी। इससे बचने के लिए फाइबर युक्त भोजन और एक्सरसाइज जरूर करें, पर्याप्त मात्रा में पानी पिएं।



# क्या उल्लू की मूर्ति अपने घर ऑफिस में रखना होता है शुभ?



अक्सर लोग अपने घर का निर्माण वास्तु शास्त्र के अनुसार करवाते है। साथ ही घर से जुड़ी सभी चीजों का रखरखाव भी वास्तु के अनुसार करते हैं। वास्तु शास्त्र में घर में कुछ चीजों को रखना बेहद शुभ माना जाता है तो कुछ चीजों को अशुभ भी माना गया है।

**घर पर उल्लू रखने के नियम:** वास्तु शास्त्र के अनुसार, घर में उल्लू की फोटो या मूर्ति रखने के लिए पूजा घर या स्टडी रूम उचित स्थान है। यहां पर उल्लू की तस्वीर लगाने से घर में सकारात्मकता का अनुभव होगा। साथ ही घर से बुरी नजर का साया दूर रहेगा। उल्लू की तस्वीर लगाने से घर में खुशहाली व सुख-समृद्धि आती है।

**उल्लू:** आप चाहें तो उल्लू को ऐसी जगह भी रख सकते हैं जहां से उल्लू की नजर घर के कोने कोने पर पड़ सके। अगर उल्लू की नजर दरवाजे की ओर हो, तो यह और शुभ हो सकता है।

**ऑफिस में उल्लू रखने के नियम:** उल्लू को ऑफिस में रखना शुभ माना जाता है। वास्तु शास्त्र के अनुसार, ऑफिस में उल्लू की मूर्ति रखने से मां लक्ष्मी की कृपा बनी रहती है। साथ ही इससे कार्यक्षेत्र में पॉजिटिव एनर्जी का संचार बढ़ता है। वास्तु के अनुसार, ऑफिस में उल्लू को व्यवसाय से जुड़ी चीजों के पास रखें।

# इस मौसम परिवारवालों को बनाकर खिलाएं स्वादिष्ट मेथी का पराठा



नवंबर के महीने के जाते-जाते सर्दियों का मौसम अपने चरम पर पहुंच रहा है। इस मौसम में खाने के कई ऐसे विकल्प मिल जाते हैं, जिसे बच्चे से लेकर घर के बड़े तक काफी चाव से खाते हैं। इसी क्रम में आज हम आपको मेथी के पराठे की आसान रेसिपी के बारे में बताने जा रहे हैं।

दरअसल, सर्दियों के इस मौसम में मेथी खाने का स्वाद कई गुना बढ़ा देती है। इसके सेवन से पाचन क्रिया भी सुचारू रूप से काम करती है। ऐसे में खुद के साथ-साथ अपने परिवार के लिए भी मेथी का पराठा बनाकर परोस सकती हैं। ये एक ऐसा पराठा है, जिसे आप बच्चों से अलावा बड़ों के लंच में भी पैक कर सकती हैं।


इसका स्वाद अचार और दही से साथ तो बढ़ता ही है, लेकिन अगर आप इसके साथ आलू टमाटर की सब्जी परोसेंगी तो आपके परिवारवाले पेट के साथ-साथ मन भर के मेथी का पराठा खाएंगे। इसी के चलते आइए बिना देर किए हुए आपको मेथी का पराठा बनाने का सही और आसान तरीका बताते हैं।

मेथी का पराठा बनाने के लिए सबसे पहले मेथी के पत्तों को अच्छे से साफ करके धो लें। इसके बाद एक बड़े कटोरे में आटा छान कर निकाल लें। इस आटे में दही, अजवाइन समेत सभी चीजें डाल कर अच्छे से मिला लें।

# नहीं रहना सिंगल तो समय रहते सुधार लें ऐसी आदतें



रिलेशनशिप ने नोंक-झोंक आम बात है। शायद ही ऐसा कोई कपल होगा, जो एक-दूसरे की हर बात से इत्तेफाक रखता हो और कभी ना झगड़ता हो। रिलेशनशिप में खट्टी-मीठी नोंक-झोंक तो आम बात है, लेकिन अगर आपके और आपके पार्टनर के बीच लगातार झगड़े हो रहे हैं और इसकी वजह आपकी कुछ आदतें हैं, तो इन्हें आपको समय रहते जरूर सुधार लें, वरना आपकी ये आदतें आपके रिश्ते को तोड़ भी सकती हैं। रिलेशनशिप में रहते हुए पार्टनर्स के बीच मतभेद होना आम बात है। क्योंकि, जरूरी नहीं कि आपका पार्टनर भी आपकी तरह सोचता हो। दो अलग लोगों की सोच में अंतर होना बेहद आम बात है। वो कहते हैं ना कि एक हाथ की पांच उंगलियां भी बराबर नहीं होतीं, तो दो अलग-अलग लोगों की सोच एक जैसी कैसे हो सकती है। ऐसे में कपल्स के बीच खट्टी-मीठी नोंक-झोंक तो होती ही रहती है। लेकिन, बड़े-बुजुर्ग हमेशा से समझाते आए हैं कि कपल्स की बातें उनके बीच ही रहनी चाहिए, क्योंकि जैसे ही आपके राज तीसरे के पास जाते हैं वो राज नहीं रह जाते। कई बार इन सबके चलते एक अच्छा-खासा रिश्ता बर्बाद हो जाता है। रिलेशनशिप में अगर पार्टनर्स के बीच मतभेद आने लगते हैं तो रिश्ते में भी दूरियां आ जाती हैं और रिश्ता टूटने की कगार पर आ जाता है। कई बार इसकी वजह आपकी कुछ आदतें भी बन सकती हैं। तो अगर आपको भी ऐसा लगता है कि आपकी किसी आदत से आपका रिश्ता खतरे में पड़ रहा है तो उसे जरूर सुधार लेना चाहिए। यहां आज हम आपको कुछ ऐसी लोगों की आम आदतों के बारे में बताएंगे, जिन्हें किसी भी व्यक्ति को समय रहते जरूर सुधार लेना चाहिए, वरना ये आपका रिश्ता टूटने की वजह बन सकती हैं।



### बुराई करने की आदत

अगर आप उन लोगों में से हैं, जिनका अपने पार्टनर के साथ झगड़ा होता है और वो अपनी पर्सनल बातें दूसरों से शेयर करने लगते हैं। दूसरों से अपने पार्टनर की बुराई भी करते हैं तो इस आदत को तुरंत सुधार लें। क्योंकि, आपकी इस आदत की वजह से आपके और आपके पार्टनर के बीच गलतफहमियां पैदा हो सकती हैं। अपने आपसी झगड़े को सुलझाने के लिए किसी तीसरे की मदद लेने के बजाय आपस में बात करके इसे खत्म करने की कोशिश करें।

### बात का बतंगड़ बनाना

कई लोगों की आदत होती है कि वह छोटी-छोटी बातों को बढ़ा-चढ़ाकर पेश करते हैं और फिर इस पर लड़ने भी लगते हैं। अगर आपके अंदर भी ये आदत है तो सतर्क हो जाएं और किसी भी बात पर शांति से विचार करने की कोशिश करें। क्योंकि, ये आदत आपके रिश्ते को खराब कर सकती है। इस आदत से आमतौर पर कोई भी परेशान हो सकता है और कई बार ये रिश्ते टूटने की वजह बन जाती है।

### कंपेयर करने की आदत

बात-बात पर अपने पार्टनर को किसी दूसरे से कंपेयर करना पूरी तरह से गलत है। अगर आप भी उन लोगों में से हैं जो दिन भर आपने पार्टनर को किसी दूसरे से कंपेयर करते हैं और उन्हें कमतर महसूस कराते हैं तो अपनी इस आदत को सुधार लें।

रायपुर बाजार
Contact For Advertisement 6263818152, 8766276107

ALERT SGS PVT. LTD.
अब आपकी सुरक्षा, सही हाथों में होगी
PROVIDER SECURITY SERVICE (Pan India)
Register Now : Web : www.alertsgs.com
Gmail : alertsgsprivatelimited@gmail.com
7746000016,7747000019

विक्ट्री इलेक्ट्रिक VICTORY
मात्र 10,000 रूपये डाऊनपेमेंट में गाड़ी लेकर जाये
ई-रिक्शा, बैटरी चलित ई-रिक्शा एवं ई लोडर
4 घंटे में गाड़ी फायनेंस करवा कर घर ले जाएं
एक बार चार्ज होने पर 100 से 120 किमी. चलती जाएं
सबसे सस्ता, सबसे अच्छा, सबसे कम कीमत पर सिर्फ विक्ट्री इलेक्ट्रिक पर
पॉवर सॉल्यूशन हुण्डई शो रूम के पास, रिंग रोड नं. 1 कुशालपुर, रायपुर (छ.ग)
6263745853 9827129838

SM@RT SMART INDUSTRIAL SYSTEMS
Safety Equipment, Automation & IT Solutions
Nr. Indian Post Office, Shankar Nagar, Raipur
www.smartindustrialsystems.com
0771-2433880
Fire Detection, Boom Barrier Gate Automn, Audio Conf, Smart Class Set up, Walky Talky, Smart Interative Panle

थोक रेट में रेडी स्टॉक
मेट्रेस हर साईज, हर मोटाई में, EP चैन कव्हर लगा, EP फोम (फोम)
गद्दा, सभी प्रकार के कव्हर, प्रोटेक्टर, सभी प्रकार के रूई गद्दा, तकिया,
बीन बैग, सोफा कमबेड, फाईबर तकिया, लोड
संजय रूई भंडार निराकांरी फर्नीचर के पीछे कांच घर गोडाउन के पास, पंडरी रायपुर
9827976266, 7987918262

भामरा गार्डन सिरपुर-बारनवापारा
01 ROOM 02 POOL 03 FOOD
Book Now
• KITTY PARTY • ANNIVERSARY • BIRTHDAY PARTY
9589386162, 7354929810

मेन्स वियर मेला BRAND BAZAR
INTERNATIONAL BRAND
होलसेल से भी कम रेट में !
इससे अच्छा और सस्ता कहीं नहीं !
• जींस • टी-शर्ट • शर्ट • लोअर • बरमूडा
मानसरोवर छत्तीसगढ़ का पहला मेन्स होलसेल हब जहाँ बड़े इंटरनेशनल ब्रांड के
आज ही विजिट करें:
मानसरोवर
80-81 टेक्सटाइल्स मार्केट गेट न. 2 के पास पंडरी, रायपुर
7880002712 7880002704

Gomti THRESHERS
किसान की पसंद
पैरा दूर फेंके
उत्तम धान निकासी
शून्य रखरखाव
6&7 फेन पैडी मल्टीक्राप थ्रेशर
बुकिंग प्रारंभ
7 पंखों वाला थ्रेशर मात्र 2 लाख से प्रारंभ
4 चक्का एवं 2 चक्का ट्राली भी उपलब्ध
एक्सचेंज एवं फाईनेंस सुविधा उपलब्ध
गोमती एग्रो इण्डस्ट्रीज, रायपुर (छ.ग.)
8819840000

आपके विज्ञापन के लिये जगह उपलब्ध है।
संपर्क करें
मो. 6263818152, 7987119756

## फिल्म इवेंट

### हॉलीवुड

## अस्पताल से डिस्चार्ज होने के बाद 'गॉट टैलेंट' स्टार ने ली अपनी जान



38 वर्षीय डांसर केरी-ऐनी डोनाल्डसन की मौत अब ब्रिटेन में चल रही जांच का विषय है। 'ब्रिटेन्स गॉट टैलेंट डांसर' फेम केरी बीते साल अपने घर में मृत पाई गईं। अधिकारी अब केरी की मौत की जांच पर अपने तथ्य पेश कर रहे हैं। पूछताछ में, कोरोनर जेसन पेग ने बताया कि केरी ने फांसी लगाकर अपनी जान दी, जिसका सीधा अर्थ है कि उन्होंने आत्महत्या की।

हालांकि, डोनाल्डसन का परिवार अब उनके निधन से पहले के दिनों की जांच की मांग कर रहा है, जो इंग्लैंड के हैम्पशायर के फर्नबोरो में हुई थी। 'स्ट्रिक्टली कम डांसिंग' में भी नजर आ चुकीं केरी को निधन से ठीक पहले इंग्लैंड के लिन, सरे में सेंट पीटर्स अस्पताल की देखभाल में रखा गया था। 'द डेली मेल' की रिपोर्ट के अनुसार, सुविधा केंद्र में उनका मनोरोग मूल्यांकन किया गया और फिर उन्हें अस्पताल से छुट्टी मिल गई। यह स्पष्ट नहीं है कि मूल्यांकन में क्या शामिल था और इस सिनेरियो में रोगी के आसपास की प्रक्रियाएं क्या थीं। अधिकारी अब 2025 के लिए निर्धारित पूर्ण जांच सुनवाई में इन सवालों का जवाब देंगे। इस प्रारंभिक सुनवाई में, पेग ने डोनाल्डसन के अंतिम दिनों का एक बुनियादी अवलोकन प्रस्तुत किया। वह 4 जून को कुछ समय के लिए पुलिस हिरासत में थीं लेकिन उसके तुरंत बाद उन्हें लापता घोषित कर दिया गया। डोनाल्डसन कुछ दिनों बाद अचानक लौट आई थीं, लेकिन उन्होंने अधिक मात्रा में दवाई ले ली थी।

### टॉलीवुड

## वरुण तेज की 'मटका' के ओटीटी अधिकार बिकने की चर्चा, इस प्लेटफॉर्म का हो रहा जिक्र




वरुण तेज की फिल्म 'मटका' बुरी तरह असफल साबित हुई है। फिल्म ने ओपनिंग डे पर महज 71 लाख रुपये कमाए थे। फिल्म लगातार बॉक्स ऑफिस पर संघर्ष करती नजर आ रही है। इस बीच फिल्म को नेटफ्लिक्स द्वारा खरीदे जाने की चर्चा तेज हो गई है। तेलुगु सिनेमा के दिग्गज अभिनेता नागेंद्र बाबू के बेटे और चिरंजीवी व पवन कल्याण के भतीजे वरुण तेज फिल्म 'मटका' हाल में ही रिलीज हुई है। फिल्म बॉक्स ऑफिस पर बुरी तरह फ्लॉप साबित हुई है। फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर चार दिनों में तीन करोड़ रुपये भी नहीं कमा पाई है। अब कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में ये चर्चा की जा रही है फिल्म के सिनेमाघरों में खराब प्रदर्शन के बाद इसे नेटफ्लिक्स द्वारा खरीदा गया है। कुछ रिपोर्ट्स में चर्चा की जा रही है कि फिल्म के स्ट्रीमिंग अधिकार लोकप्रिय ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स को बेचे गए हैं। कहा जा रहा है कि नेटफ्लिक्स ने ये अधिकार 15 करोड़ रुपये में खरीदे हैं। हालांकि, इसका बजट लगभग 35 करोड़ रुपये बताया गया है। ऐसे में अब फिल्म को अपनी लागत भी निकाल पाना असंभव ही लगता है। ओटीटी राइट्स भी महज 15 करोड़ रुपये में ही बिके हैं। ऐसे में ये फिल्म निर्माताओं के लिए घाटे का सौदा साबित हो रही है। अब देखना है कि फिल्म आने वाले दिनों बॉक्स ऑफिस पर कैसा प्रदर्शन करती है।

वरुण तेज ने मशहूर मटका किंग रतन खत्री का किरदार निभाया है। फिल्म की कहानी साल 1958 से 1982 के बीच के समय में स्थित है। फिल्म में वरुण तेज मटका वासु के रूप में, मीनाक्षी चौधरी ने सुजाता के रूप में, नोरा फतेही ने सोफिया के रूप में, सलोनी असवानी ने पद्मा के रूप में, पी. रविशंकर ने नारायण मूर्ति के रूप में, किशोर ने नानी बाबू के रूप में, नवीन चंद्र ने साहू के रूप में, और अजय घोष ने अप्पाला रेड्डी के रूप में नजर आए हैं। फिल्म का निर्माण व्यारा एंटरटेनमेंट और एसआरटी एंटरटेनमेंट ने मिलकर किया है, जिसका संगीत जीवी प्रकाश कुमार ने दिया है। करुणा कुमार द्वारा फिल्म का लेखन और निर्देशन दोनों किया गया है।

### भोजपुरी

## भोजपुरी का सबसे अमीर सितारा बनने की होड़ में है ये अभिनेता




भोजपुरी सिनेमा और उसके कलाकारों का बोलबाला बॉलीवुड से लेकर साउथ तक पहुंच चुका है। भोजपुरी के गीत यूट्यूब पर बड़े-बड़े रिकॉर्ड तोड़ रहे हैं और बना रहे हैं। भोजपुरी सिनेमा की फिल्में भले ही कम बजट की बनती हो पर इसके अभिनेता फिल्म के लिए अच्छी-खासी रकम वसूलते हैं। आइए जानते हैं भोजपुरी सिनेमा की दुनिया के पांच सबसे अमीर अभिनेता कौन से हैं और उनकी नेटवर्थ कितनी है। भोजपुरी इंडस्ट्री में अभिनेता पवन सिंह को 'पॉवर स्टार' के नाम से जाना जाता है। हाल ही में उन्होंने बॉलीवुड फिल्म 'स्त्री 2' में 'आई नहीं' गीत में अपनी आवाज दी। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक अभिनेता की नेटवर्थ 41 करोड़ रुपये की बताई जाती है। कहा जाता है कि वह एक फिल्म के लिए 40 से 50 लाख की रकम वसूलते हैं। अभिनेता के पास कई महंगी और लग्जरी गाड़ियों का कलेक्शन भी है। अभिनेता से नेता बने भोजपुरी के स्टार मनोज तिवारी अभिनय के बाद अब राजनीति में भी अपना दम-खम दिखा रहे हैं। वह एक अभिनेता के साथ बहुत अच्छे गायक भी हैं।

### 90 का लौटता फैशन




बेल बॉटम से लेकर ग्लैमरस स्लिप ड्रेस तक 90 के दशक के कई ऐसे फैशन ट्रेंड्स हैं, जो अब बाजार में एक बार फिर वापसी करते नजर आ रहे हैं। इनमें ग्रंज शैली विशेष रूप से परिधानों और सहायक उपकरणों के साथ शानदार रूप से वापस आ गई है। काले चमड़े की जैकेट या डेनिम जैकेट एक फ्लावर प्रिंट या ठोस रंग की पोशाक, जींस और टी-शर्ट के साथ जोड़े जाने पर शहरी लुक बनाने में मदद करती है।

## चिन पर कालापन दूर करें घरेलू उपाय से



होठों के नीचे कालापन हो रहा है और इससे आपके चेहरे की सुंदरता प्रभावित हो रही है और इसका प्राकृतिक इलाज तलाश रही हैं, तो इसके कारणों पर जरूर जाइए। ब्यूटी एक्सपर्ट पूनम चुघ कहती हैं, 'डिहाइड्रेशन, ब्लैकहेड्स, डेड स्किन और टैनिंग, यह सभी इसके कारण हो सकते हैं। ऐसे में अलग-अलग घरेलू नुस्खे आपको कालेपन की समस्या से निजात दिला सकते हैं।'

कई लोगों को टी-जोन एरिया बहुत ऑयली होता है और इसलिए चिन पर मुंहासे निकलते रहते हैं। मुंहासों के सूखने के बाद उसका कालापन त्वचा पर ही रह जाता है। ऐसे में बूंद भर नारियल का तेल आप लगाती हैं और उससे मालिश करती हैं, तो आपको उससे बहुत फायदा मिलेगा।

चेहरे के कुछ हिस्सों पर ओपन पोर्स की समस्या के कारण ब्लैकहेड्स होने लगते हैं। किसी-किसी के चिन पर भी अधिक ऑयल निकलता है और इस वजह से स्किन पोर्स लार्ज हो जाते हैं। इन पोर्स में गंदगी फंस जाती है और वह ब्लैकहेड्स और व्हाइटहेड्स का रूप ले लेती है। इन्हें दूर करने के लिए दूध में कॉफी पाउडर मिक्स करके स्क्रब करें और फिर पानी से वॉश करने के बाद टॉवल से ही चिन को आहिस्ता-आहिस्ता रगड़ें। ऐसा करने से ब्लैकहेड्स कुछ हद तक रिमूव हो जाएंगे।

डेड स्किन की परत तो कहीं भी जमा हो सकती है। इसके लिए जरूरी है कि आप चेहरे को साफ रखें। आपको नियमित रूप से चेहरे की क्लीनिंग, टोनिंग और मॉइश्चराइजिंग करनी चाहिए। इसके लिए आप एलोवेरा, दही और बेसन का इस्तेमाल कर सकती हैं। इन सभी में बहुत अच्छी एक्सफोलिएटिंग पावर होती है।

चाय की पत्ती को पानी में पहले उबाल लें और फिर उसे छान लें। जब चाय की पत्ती थोड़ी ठंडी हो जाए तो आपको उसमें शहद मिक्स करना है और फिर इस मिश्रण से चिन को आहिस्ता-आहिस्ता रगड़ना है। इससे ब्लैकहेड्स भी रिमूव होंगे और डेड स्किन भी रिमूव होगी।

## हल्दी की रस्म में पीला ही क्यों पहनें, आजमाएं नए रंग




किसी शादी के फंक्शन में जाना हो तो हम सभी स्टाइलिश दिखना ही पसंद करते हैं और इसके लिए हम सेलिब्रिटीज के लेटेस्ट लुक्स से इंस्पायर हो जाते हैं। वहीं प्री-वेडिंग फंक्शन जैसे हल्दी सेरेमनी की बात लरें तो इसके लिए हम अक्सर येलो कलर के आउटफिट को पहनते हैं। वहीं इसके लिए हम ज्यादातर प्लेन डिजाइन को ही चुनते हैं।



अगर आप कुछ अलग ट्राई करना चाहती हैं और अपने लुक को खास बनाना चाहती हैं तो किसी और कलर की ड्रेस भी चुन सकती हैं। तो चलिए हम आपको दिखाते हैं येलो के अलावा आप किन डिजाइंस और कलर्स की आउटफिट्स को पहन सकती हैं। साथ लुक को स्पेशल बनाने के लिए बताएंगे कुछ खास टिप्स।



### नेट लहंगा डिजाइनर लुक

वहीं मॉडर्न लुक को हल्दी फंक्शन के लिए चुनना चाहती हैं तो इस तरह के नेट लहंगा लुक के साथ आप स्टाइलिश बैकलेस ब्लाउज को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह का ऑम्ब्रे कलर आउटफिट को डिजाइनर द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरह के लुक के साथ आप फ्लोरल या पर्ल डिजाइन की ज्वेलरी को स्टाइल करें।

### बॉर्डर वर्क साड़ी लुक

आजकल हैवी वर्क ब्लाउज के साथ प्लेन साड़ी को स्टाइल किया जाना चलन में है। इस खूबसूरत साड़ी को डिजाइनर पुनीत बलाना द्वारा डिजाइन किया गया है। इस तरीके की मिलती-जुलती साड़ी आपको मार्केट में लगभग 2000 रुपये से लेकर 3000 रुपये में आसानी से मिल जाएगी। इस तरह के लुक साथ स्लीक स्टाइल हेयर स्टाइल को चुनें।

सटल लुक को हल्दी फंक्शन के लिए कैरी करना चाहती हैं तो मल्टी कलर का यह खूबसूरत लहंगा स्कर्ट ट्राई कर सकती हैं। मल्टी-शेड वाले इस खूबसूरत आउटफिट को Tanazfatima M. Charania डिजाइनर ने डिजाइन किया है। इस तरह का लहंगा आपको मार्केट में लगभग 2000 रुपये से लेकर 3500 रुपये तक में आसानी से मिल जाएगा। इस तरह के लुक के साथ आप पर्ल बोहो या पर्ल डिजाइन की ज्वेलरी को पहन सकती हैं।

## स्टाइलिश लुक पाने के लिए पेस्टल आउटफिट्स के साथ अपनाएं ज्वेलरी

स्टाइलिश लुक पाने के लिए आपको ज्वेलरी और आउटफिट के कलर कॉम्बिनेशन को ध्यान में रखकर ही अपने लुक को स्टाइल करना चाहिए।अपने लुक को स्टाइलिश बनाना हम सभी चाहते हैं, लेकिन इसके लिए आपको लेटेस्ट फैशन ट्रेंड की सभी तरह की जानकारी को रखना बेहद जरूरी होता है। वहीं बदलते दौर में आजकल पेस्टल कलर्स को काफी पसंद किया जाने लगा है, लेकिन इसे स्टाइल करते समय हम कई बार परफेक्ट कलर की ज्वेलरी को नहीं चुन पाते हैं। हालांकि मार्केट में आजकल ज्वेलरी के अनगिनत डिजाइन आपको देखने को मिल जाएंगे, लेकिन पेस्टल कलर के साथ कलर कॉम्बिनेशन को चुनना बिगिनर के लिए थोड़ा मुश्किल हो सकता है। तो चलिए आज हम आपको दिखाने वाले हैं पेस्टल कलर आउटफिट के साथ पहनने के लिए परफेक्ट ज्वेलरी कलर्स।

### मैरून कलर ज्वेलरी को कैसे करें स्टाइल?

पेस्टल कलर आउटफिट के साथ आपको ज्वेलरी को स्टाइल करने के लिए डार्क कलर को चुनना चाहिए। इसके लिए आप मैरून यानी रूबी को पहन सकती हैं। रूबी में भी कई वैरायटी होती हैं। इसे आप पर्ल या डायमंड ज्वेलरी की चैन या नेकलेस के साथ पहन सकती हैं।



### पेस्टल शेड्स की ज्वेलरी को कैसे करें स्टाइल?

लाइट शेड की बात करें तो पेस्टल कलर के साथ मीनाकारी डिजाइन की सटल या मल्टी कलर ज्वेलरी बेस्ट नजर आएगी। हालांकि असल मीनाकारी डिजाइन काफी महंगा होता है, लेकिन इस तरह की मिलती-जुलती ज्वेलरी आपको मार्केट में कम दामों में मिल जाएगी।

## बीयर्ड को दें शेप आसानी से, मिलेगी तारीफ

शायद ही कोई ऐसा लड़का होगा, जिसे घनी दाढ़ी और मूंछ रखना पसंद नहीं होगा लेकिन कई लड़के ऐसे होते हैं, जिनके सामने दाढ़ी ना निकलने की समस्या आती रहती है। ऐसे में कई युवा दाढ़ी की ग्रोथ को सही करने के लिए बाजारों में मिलने वाले तेल खरीद कर उसका इस्तेमाल करने लगते। इन तेलों में कई प्रकार का केमिकल पाया है। कई बार इनका उल्टा असर भी हो सकता है। ऐसे में इन तेलों को हमेशा सोच समझ के ही इस्तेमाल करना चाहिए।

अगर आपकी दाढ़ी सही से नहीं निकलती है तो आप रोज रात को सोने से पहले बादाम का तेल चेहरे पर लगाएं। अगर आपकी दाढ़ी हल्की है तो आप हल्के हाथ से दाढ़ी पर भी मसाज कर सकते हैं। बादाम के तेल में विटामिन ई भरपूर मात्रा में होता है, जोकि सही तरह से दाढ़ी निकलने में मदद करता है।

अगर आप टी ट्री ऑयल में थोड़ा सा कैस्टर ऑयल मिलाकर अपनी दाढ़ी पर लगाएंगे तो इसके इस्तेमाल के आपको कुछ ही दिनों में फायदा दिखने लगेगा।

अगर आप किसी तरह का तेल नहीं लगाना चाह रहे हैं तो आंवला और सरसों के पत्तों को साथ में मिलाकर पीस लें और बारीक पेस्ट बना लें। इस पैक को अपने पूरे चेहरे पर लगाएं। इससे आपकी दाढ़ी घनी दिखेगी।



अगर आप चाहते हैं कि आपकी दाढ़ी की ग्रोथ अच्छी रहे तो समय-समय पर ट्रिमिंग कराना बेहद जरूरी होता है। ट्रिमिंग से दाढ़ी की शेप भी सही आ जाती है और ये देखने में भी अच्छी लगती है।


बायोटीन सप्लीमेंट्स के सेवन से ना सिर्फ दाढ़ी में बल्कि बालों की ग्रोथ में भी इजाफा होता है। ऐसे में किसी स्किन स्पेशलिस्ट की सलाह के बाद बायोटीन सप्लीमेंट्स का सेवन कर सकते हैं।

### कार्नर न्यूज

### फैशन सिर्फ चेहरे का ही नहीं होता, पैरों पर भी दीजिए ध्यान

## शादियों के मौसम में हील्स छोड़ लहंगे के साथ पहनें ऐसे जूते, देखते रह जाएंगे लोग

*देवउठनी के बाद शादियों का मुहूर्त लग चुका है। ऐसे में अपनी शादी में हर लड़की चाहती है कि वो सबसे खूबसूरत दिखे। इसके लिए वो शादी तय होने के बाद से तैयारियां शुरू कर देती हैं। आज के समय लहंगे से लेकर हर एक चीज दुल्हन की पसंद की ही होती है। ऐसे में हर दुल्हन ये चाहती है कि वो अपनी शादी में खुलकर मौज-मस्ती कर पाए लेकिन ऐसा हो नहीं पाता। दरअसल, शादी में हर लड़की काफी भारी-भरकम सा लहंगा पहनती है। ऐसे में इस लुक को पूरा करने के लिए हील्स ही पहनी जाती है। हील्स में जमकर डांस करना, और मस्ती करना संभव नहीं है। इसी के चलते आज के समय में दुल्हनों की पहली पसंद जूते बनते जा रहे हैं। हाल ही में कई अभिनेत्रियों ने भी अपनी शादी में लहंगे के साथ हील्स की बजाय जूतों को चुना था। यही वजह है कि आज के लेख में हम आपको ब्राइडल जूतों का लेटेस्ट कलेक्शन दिखाने जा रहे हैं।*




### जूतों में लगवाएं मोती

अगर आप लाइट कलर के जूतों का चयन कर रहीं हैं तो उसको सजाने के लिए इसपर मोतियों का वर्क करा सकती हैं। इससे जूतों का लुक और ज्यादा खूबसूरत दिखेगा।

### सिंपल स्नीकर्स को ऐसे बनाएं खास

आप चाहें तो किसी साधारण तरह के स्नीकर्स का चयन करके उसपर अपनी शादी की तारीख लिखवा सकती हैं। इससे ये काफी स्पेशल बन जाएगा।




### जूतों पर लगवाएं गोटा

सिंपल से जूतों पर आप इस तरह से गोल्डन रंग का गोटा लगवा सकती हैं। इस पर अगर आप कढ़ाई भी कराएंगी तो भी ये खूबसूरत लगेगा।

### सगाई की झलक दिखाएं

अपने सफेद रंग के जूतों पर आप सगाई की झलक दिखा सकती हैं। सफेद जूतों पर इस तरह का वर्क देखने में खूबसूरत लगेगा।



### मिरर वर्क भी रहेगा खास

अगर आप अपने स्पोर्ट्स शूज पर इस तरह से मिरर वर्क करवाएंगी तो इससे आपका लुक बेहद स्टाइलिश लगेगा। ऐसे जूते देखने में भी काफी क्लासी लगते हैं।

### लहंगे से करें मैच

अपने जूतों को इस तरह से कस्टमाइज कराकर आप इसे लहंगे से मैच कर सकते हैं। ये देखने में भी कमाल के लगते हैं।